संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 09 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 127 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के निवास पर उनसे मुलाकात की।

## आदर्श विचार



"जो व्यवहार आपको दूसरों से अपने लिए पसंद ना हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ भी ना करें।"
- भगवत गीता

## मन की बात



"-जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-विवेकानंद

# पित्रोदा के बयान के बाद सियासी बवाल

● पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ़्रीकी', सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादास्पद बयान

**इस्तीफा दिया**

**▶▶ सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ा, बयान से बढ़ा रहे थे पार्टी की मुसीबत**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक बार फिर कुछ ऐसा कहा है, जिस पर विवाद हो गया है। दरअसल सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

भारत की विविधता पर पित्रोदा ने कही ये बात

अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने ये बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों जैसे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं।' पित्रोदा ने कहा कि भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के लोग 75 वर्षों तक एक सुखद वातावरण में रहे हैं, कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधना भी शुरू कर दिया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए लिखा कि 'सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और मैं भारतीय जैसा ही लगता हूं। हम एक विविधता भरा देश हैं, हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं।

### विरासत टैक्स वाले बयान पर भी हुआ था विवाद

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने बीते दिनों विरासत टैक्स को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि 'अमेरिका में एक विरासत टैक्स होता है, जिसके तहत अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसकी मृत्यु के बाद बच्चों को सिर्फ 45 प्रतिशत संपत्ति ही मिलती है बाकि संपत्ति सरकार बतौर विरासत टैक्स अपने पास रख लेती है। यह कहता है कि अगर आपने संपत्ति बनाई है और आप दुनिया छोड़कर जा रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़कर जानी चाहिए, पूरी नहीं बल्कि आधी और मुझे भी ये सही लगता है।'

### दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बयान: जयराम रमेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों की तुलना चीनी-अफ्रीकी लोगों से करने वाले बयान पर कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई दे रही है। यही वजह है कि सैम पित्रोदा का बयान सामने आते ही पार्टी ने पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है।

# 'चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे'



**टीम एक्शन इंडिया**

**वारंगल:** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर धुआंधार प्रचार का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना पहुंचे हुए हैं। उन्होंने करीमनगर के बाद वारंगल में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकर पीएम ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

**आज मैं बहुत गुस्से में हूं:** उन्होंने कहा, 'आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। चमड़ी को लेकर देश अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा।' पित्रोदा ने यह कहा था सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

### 'मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी'

पीएम मोदी ने कहा, 'बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आई तो दलित मुख्यमंत्री बनाएंगी। बीआरएस ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा...यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

**मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं।

चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।' जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है।

# 'प्रज्वल से जुड़े अश्लील वीडियो वायरल होने के पीछे कुमारस्वामी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वहीं, इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अश्लील वीडियो वायरल करने के पीछे कुमारस्वामी का हाथ बताया। साथ ही जेडीएस नेता को ब्लैकमेलिंग का राजा और कहानी के प्रमुख, निर्देशक और निमार्ता भी कहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कुमारस्वामी को मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी किए जाने की मांग की।

# 'अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया 'शहजादे' घोषित करें'



**टीम एक्शनइंडिया**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे।

**पूछा सवाल**

**▶▶ पीएम ने पूछा- कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया**

# शराब घोटाला: सिसोदिया को नहीं मिली राहत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 21 मई तक बढ़ा दी है। अब राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 21 को होगी। इससे पहले सीबीआई के केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा बढ़ाई थी। उधर, हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने ईडी और सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। हाईकोर्ट में अब 13 मई को सुनवाई होगी। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। ईडी ने कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय चाहिए क्योंकि जांच अधिकारी अभी इस मामले में दूसरी शिकायत पर काम कर रहे हैं। हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील विवेक जैन ने ईडी-सीबीआई की मांग का विरोध किया। हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी को चार दिन का समय दिया है।

# फेसबुक पर चल रही थी उद्धव सरकार: शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा चुनाव में राज्य में विपक्षी गुट से काफी आगे है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 से अधिक सीट के लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करने के लिए अभी गठबंधन का ध्यान सिर्फ 'मिशन-45' पर है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि उन्हें किसे चुनना है, घर बैठे 'फेसबुक लाइव' पर सरकार चलाने वालों को या फिर जमीनी स्तर पर काम करने वालों को।

# केरल में बढ़ा वेस्ट नाइल बुखार का खतरा!



**टीम एक्शन इंडिया**

**केरल: केरल के** तीन जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बचाव के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पिछले सप्ताह केरल में स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसमें राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून से पूर्व साफ-सफाई आदि गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला चिकित्सा के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए थे कि वे अपनी गतिविधियों में तेजी लाएं। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वे स्थानीय सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करें। जिला वेक्टर नियंत्रण इकाई द्वारा कई जगहों से नमूने एकत्र किए गए हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम भी चलाने के लिए कहा है। केरल के कई जिलों में वेस्ट नाइल बुखार के मरीजों देखे गए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में अभी अलर्ट जारी किया है।

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है**

स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने साथ ही सभी से अनुरोध किया है कि वे बुखार के लक्षण नजर आते ही तुरंत इलाज करवाएं। या आस-पड़ोस में किसी में भी लक्षण दिखते हैं तो उस व्यक्ति को तुरंत इलाज करवाने के लिए कहें।

# '400 पार का नारा देने वालों की भाषा बदल गई'



**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहजहांपुर:** शाहजहांपुर में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार का नारा देने वालों की भाषा ही बदल गई है। आजकल बड़ी-बड़ी होर्डिंग में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है। भाजपा वालों ने पहले ही स्वीकार कर लिया कि खटारा इंजन को बदल देना है। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित मैदान में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। अखिलेश ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री भी शाहजहांपुर आए थे।

# 'विपक्ष राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देगा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे।

**हमला बोला**

**▶▶ शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे**

# पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है।

**विपक्ष को घेरा** सैनी और मनोहर ने सरकार के अल्पमत में होने के विपक्ष के दावे को खारिज किया

# अल्पमत में नहीं है हरियाणा सरकार: सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने का बाद सरकार के अल्पमत में आने के विपक्ष के दावे को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। वे बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के सिरसा स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उधर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब जरूरत होगी तब कांग्रेस को पता लगेगा कि कितने उनके और अन्य दलों के हमारे साथ है। नायब सिंह सैनी ने अपनी सरकार के अल्पमत में आने के सवाल पर कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से सरकार को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। सरकार पहले भी अल्पमत में नहीं थी और अब भी अल्पमत में नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की इच्छा हमेशा सरकार बनाने की रहती है और वो दूसरों की इच्छाओं को पूरा करने का काम करते हैं। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसे लोगों की इच्छाओं को पूरा नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस का इतिहास देखा है। सरकार बनाने के लिए व बचाए रखने के लिए वो कुछ भी कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के नेता अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए जुटे हुए हैं। उनकी सोच देश का विकास करने की नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के माध्यम से भ्रष्टाचारियों को बचाने की है। यह गठबंधन ठगिया गठबंधन है। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत कहा कि हरियाणा में एक बार फिर से भाजपा 10 की 10 सीटें जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

**दावा**

**▶▶ बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर सरकार को कोई खतरा नहीं**

# एस्ट्राजेनेका ने कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**लंदन:** दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ।

ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

**चिंता**

**▶▶ कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है**

# राहुल गांधी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा दिए गए बयान का कांग्रेस ने किया स्वागत

**चमन शर्मा**

**शिमलाः हिमाचल** कांग्रेस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए बयान का स्वागत किया है। जिसमें वरिष्ठ नेता ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का नायक बताया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि आज देश के पूर्व गृहमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मान चुके हैं कि राहुल गांधी ही देश का भविष्य हैं। राहुल गांधी पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने देशभर में पैदल यात्रा कर लोगों की समस्याओं और परिस्थितियों को समझा है आज देश को राहुल गांधी जैसे नेता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व गृहमंत्री भारतरत्न लाल कृष्ण आडवाणी ने राहुल गांधी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। आडवाणी ने कहा है कि भले ही मैं भाजपा से हूँ लेकिन मैं आज भारत देश की समाज सेवक के रूप में भारतीय जनता को ये कहना चाहता हूँ कि राहुल गांधी ही एक ऐसे इंसान हैं जो भारत देश को एक अच्छा राष्ट्र बना सकते हैं, क्योंकि उनमें वह निर्णय लेने की क्षमता है जो भारत देश के देशवासियों को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। राहुल गांधी ने भारत देश को एक नई दिशा प्रदान कर सकते है, मैंने भी देश के लिए एक गृहमंत्री के रूप में सेवा की है। मगर मैंने कभी भी राजनीति में राहुल गांधी जैसा प्रभावशाली नेता नहीं देखा।नरेश चौहान ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी टीम



आज देश की जनता को असली मुद्दों से भटकाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। आज 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा के नेता अपना रिपोर्ट कार्ड देने के बजाय देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जनता को असली मुद्दों से भटकाकर हिन्दू- मुस्लिम, जाति-धर्म, भाई-भतीजावाद और मंगलसूत्र छीनने की बात कर रहे हैं। जो न तो कांग्रेस के मेनिफेस्टो में था और न होगा। उन्होंने कहा कि पीएम 2014 और 2019 में जनता से किए गए वायदों पर बात नहीं करते हैं चाहे वह देश के युवाओं को हरसाल 2 करोड़ नौकरी देने की बात हो, किसानों की आय डबल करने की हो या फि र महिलाओं की सुरक्षा की बात हो आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्ट्राचार से परेशान है। देश के युवा पकौड़े तलने पर मजबूर है लेकिन भाजपा इन मुद्दों पर जवाब देने के बजाय जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।

नरेश चौहान ने भाजपा नेत्री के बयान की कड़ी आलोचना की है जिसमें भाजपा नेत्री महिलाओं को मिलने वाली योजना का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा नेत्री रश्मिधर सूद मीडिया के माध्यम से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाले 1500 रुपए देने का विरोध कर रही हैं और खुलेआम कह रही हैं कि महिलाओं को मुफ्त में 1500 रुपए नहीं मिलने चाहिए। भाजपा नेत्री की बौखलाहट में दिए गए इस बयान से साफ पता चलता है कि महिला नेत्री होने के बाद भी इनके भीतर महिलाओं के प्रति कितनी नकारात्मकता भरी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को मिलने वाले 1500 रुपए पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे।



## राष्ट्रपति को दी गई गरिमापूर्ण विदाई

**चमन शर्मा**

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय प्रवास के उपरांत आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मशोबरा स्थित कल्याणी हेलीपैड में गरिमापूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू भी उपस्थित थे।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा और प्रशासनिक, पुलिस व सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक के फ ामेर्सी विभाग के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति




**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक, हिमाचल प्रदेश के फ ामेर्सी विभाग के छात्रों द्वारा विश्व दमा दिवस के उपलक्ष्य पर चच्योट गांव में एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। छात्रों ने इस प्रस्तुति में दमा दिवस की थीम अस्थमा एजुकेशन एंपावर्स पर आधारित दमा के लक्षण, उसकी रोकथाम व उपचार के बारे में जानकारी मुहैया करवाई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चच्योट के प्रधानाचार्य हेमराज व स्कूल के छात्र भी उपस्थित रहे। विवि के छात्रों ने इस दिवस का आयोजन फ ामेर्सी विभाग के डीन प्रो. डीपी दहिया और असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता देवी के मार्गदर्शन में किया। इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आर के अभिलाषी, प्रो. चांसलर डा. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार ने सफ ल आयोजन के लिए विभाग व सभी छात्रों की सराहना की।

### संस्कृति सदन मंडी में 24 मई को होगी दूसरी चुनावी रिहर्सलः ओम कांत ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**



**मंडीः** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि 33-मंडी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल 24 मई को सुबह 9:30 बजे से संस्कृति सदन के सभागार में होगी। पहले यह रिर्हसल 22 मई को निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश और जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशानिदेर्शानुसार यह रिर्हसल 22 मई की जगह अब 24 मई को आयोजित होगी।

रिहर्सल में पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी भाग लेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग स्टाफ जो मंडी के अलावा अन्य संसदीय क्षेत्रों से संबंध रखते है वे सभी 24 मई को पोस्टल बैलट से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोलिंग स्टाफ जो 24 मई को वोट नहीं डाल पाएगा वह तीसरी रिहर्सल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पोलिंग स्टाफ के अलावा अन्य लोग जो इलेक्शन ड्यूटी पर हैं वो 29 मई से 31 मई तक वोटर सुविधा केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। एसडीएम ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित आवश्यक सेवाओं में लगे कर्मचारी 29 मई से पहले रिटर्निंग ऑफि सर द्वारा निर्धारित तिथियों को वोटर सुविधा केन्द्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मंडी सदर विधानसभा में 117 मतदान केन्द्र हैं। जिनमें से दो महिला कर्मियों, एक दिव्यांग कर्मियों और एक युवा कर्मियों द्वारा संचालित होंगे।

## मुख्यमंत्री कोमेडियन के रोल में आते हैं नजर : डॉ बिंदल

**एसपी जैरथ**

**नाहनः भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन नहान मंडल को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश की कांग्रेस सरकार कोमेडी की सरकार बनकर रह गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहीं भी जाते है तो वहां कोई ना कोई कॉमेडी करके आ जाते है। उन्हांने कहा कि कांग्रेस मे ना नेता हैं और न ही नजरिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश में अपने द्वारा डेढ़ साल में किए कार्यों का ब्यौरा देने के बजाय मंचों पर मस्खरी करते नजर आते हैं। प्रदेश को पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जिसका कोई विजन नहीं हैं और छुटभइयें और गली-मुहल्ले के नेता की तरह बयानबाजी करते नजरआते हैं।




उन्हांने कहा कि कांग्रेस से रूष्ट होकर निकले विधायकों को आज जिस प्रकार के उपनाम व संज्ञाए देकर सुक्खू उन्हें परिभाषित कर रहें हैं वह कोई मर्यादित व्यक्ति नहीं कर सकता, चूंकि उनके पास कहने को कुछ नहीं हैं इसलिए वह जनता को अपने शब्दों से भ्रमित कर रहें हैं। आज मुख्यमंत्री बंद संस्थानों पर क्यों बात नहीं करतेए विकास जो रूका पड़ा हैपर बात नहीं करते, बेरोजगारी पर बात नहीं करते, आते ही जिन आउटसोर्स व कोविड कर्मियों को निकाला पर बात नहीं करते, डेढ़ साल में एक भी रोजगार नहीं निकाला उस पर बात नहीं करते, वे सिर्फ बात करते हैं रोज नई शब्दावली, मकरझंडू, कालानाग, भेड़-बकरीयां, बरसाती मेंढक की और करें भी क्यों न कांग्रेस की संस्कृति, भाषाशैली यही हैं। जबतक व्यक्ति काम का हो तो वाह-वाह नहीं तो आलोचना।

एसमएल-03

## अवेकन इंडिया मूवमेंट ने कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों पर चिंता जताई

**चमन शर्मा**



**शिमला :** हाल ही में जहां एस्ट्राजेनेका ने यूके की अदालतों में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस को एक साइड इफेक्ट के रूप में स्वीकार किया है, अवेकन इंडिया मूवमेंट (एआईएम), सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त करता है। अन्य कोविड टीके जिन्हें आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के तहत और नैदानिक परीक्षण पूरा किए बिना अनुमोदित किया गया था। साइड इफेक्ट के रूप में टीटीएस की स्वीकृतिः दुनिया थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव के बारे में जान रही है। लेकिन, भारत सरकार को इसके बारे में मई 2021 में 33 वर्षीय फ्रंटलाइन वर्कर स्नेहल लुनावत की मौत के बाद पता चलाए जिनकी कोविशील्ड वैक्सीन लगने के बाद मौत हो गई थी। उनकी मृत्यु की पुष्टि राष्ट्रीय एईएफ आई समिति ने वैक्सीन उत्पाद संबंधी प्रतिक्रिया- ए1 मृत्यु के रूप में की थीए फिर भी हमारी सरकार वैक्सीन निमार्ताओं से खुलासे की मांग करने में विफल रही। मदद के लिए पूछे जाने पर, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट (एसआईआई) ने इस बात से इनकार किया कि उनका टीका टीटीएस का कारण बन सकता है।

## सेक्टर मेजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों के लिए बैठक आयोजित

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत 26-करसोग (अनुसूचित जाति) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सेक्टर मेजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों के लिए बैठक का आयोजन सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि सेक्टर ऑफि सर उनके अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का 13 से 15 मई तक भौतिक सत्यापन कर संबंधित मतदान केंद्र



में बिजली, पानी, और शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं को जांचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित मतदान केंद्र का नाम बिलकुल स्पष्ट लिखा होना चाहिए। यदि कोई ऐसा मतदान केंद्र है जहां पर बिजली, पानी या अन्य किसी भी प्रकार की सुविधा की कमी है तो उसकी जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि उसको समय रहते पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सेक्टर मेजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारी को 1 जून, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के संदर्भ में उनको सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा की सेक्टर ऑफिसर उनके सेक्टर के तहत आने वाले सभी मतदान केंद्रों का एक मैप भी तैयार करें। मैप में रोड कनेक्टिविटी को सष्ट तरीके से दशार्या जाना चाहिए ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में संबंधित मतदान केंद्र पर आसानी से पंहुचा जा सके।उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर ऑफि सर उनके सेक्टर में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफि सर चुनावी रैलियों के दौरान इस्तेमाल की जा रही प्रचार सामग्री की मात्रा और प्रत्याशी द्वारा चुनाव के दौरान किए जा रहे खर्च पर भी नजर रखें।

## हिमाचल राजभवन में मनाया गया रेडक्रॉस दिवस

**शिमलाः हिमाचल** राजभवन में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर एवं प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा जानकी शुक्ल को रेडक्रॉस फ्लैग लगाए।

## मतदान केंद्र के नाम में परिवर्तन किया गया

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला के कुछ मतदान केंद्रों के भवन के क्षतिग्रस्त तथा स्कूल के स्तरोन्नत होने के कारण उनके भवन तथा मतदान केंद्र के नाम में परिवर्तन किया गया है। द्रंग विधानसभा क्षेत्र के हणोगी मतदान केंद्र जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला डुंगर में स्थापित किया गया था उसे कम्यूनिटी हाल समीप गौ सदन हणोगी में परिवर्तित किया गया है। इसी तरह धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के हियूण मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला हियूणगलू से महिला मंडल भवन हियूण दोयम तथा बल्ह विधानसभा क्षेत्र के घडात्र मतदान केंद्र को पंचायत घर लुहाखर से पटवार खाना घडात्र में बदला गया है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने किया पौंग बांध का दौरा

### इजल शक्ति विभाग की क्षेत्र मे चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर ली फीडबैक

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः नूरपूर** अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने आज महाराणा प्रताप सागर झील पौंग बांध का दौरा किया व सर्कल नूरपुर के तहत चल रही जल शक्ति विभाग की अलग-अलग परियोजनाओं के बारे मे भी अधिकारियों से फिडबैक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा की पौंग बाध भी पर्यटक स्थल गोवा से कम नहीं है। पौंग बाध की सुंदरता पर्यटकों को अपने और खिंचती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा एक दिवसीय दौरे के दौरान पौंग बांध पर पंहुचे हुए थे। ओंकार चंद शर्मा



अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं वित्तायुक्त राजस्व हैं। उनके पास जनजातीय विकास तथा जल शक्ति विभाग का अतिरिक्त दायित्व भी है। ओंकार चंद शर्मा को गृह एवं सतर्कता विभाग का जिम्मा चुनाव आयोग की मंजूरी मिलने के बाद सौंपा गया है।। इस मौका पर सहायक अभियन्ता फ तेहपुर अमित रंधाबा, तहसीलदार फ तेहपुर व वर्क इन्सपेकटर अश्विनी धीमान आदि मौजूद रहे।

## राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के व्यय पर कड़ी निगरानी रखें




**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी ने आज केलांग मुख्यालय में व्यय निगरानी के कार्य में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग रजनीश कुमार व काजा से ऑनलाइन माध्यम से हर्ष अमरिंदर नेगी विशेष रूप से जुड़े रहे। केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर ने कहा कि राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा चुनाव के दौरान किए जाने वाले विभिन्न व्यय पर कड़ी निगरानी रखने में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न करने से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने लिए निर्धारित कार्य को कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करें तभी चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित किया जा सकता है। व्यय पर्यवेक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे व्यय व लेखा से सम्बंधित सभी घटकों की पूरी गहनता से जांच व निगरानी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने चुनावी कार्य के लिए तैनात वीडियो निगरानी दल, स्टैटिक निगरानी दल व उड? दस्तों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आपस में समन्वय के साथ सूचना का आदान-प्रदान करने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने लाहौल स्पीति में किए जा रहे चुनावी प्रबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां की गई है और सभी आवश्यक प्रबंध भी किये गए हैं। बैठक में सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, सहायक व्यय पर्यवेक्षक सोनम दावा, एमसीसी, फ्लाइंग स्क्वाड, एसएस टीम, वीडियो निगरानी और वीएसटी टीम, अकाउंटिंग टीम, एमसीएमसी टीम के नोडल अधिकारी, निर्वाचन तहसीलदार पवन राणा भी मौजूद रहे।

## निर्दलीय विधायकों को नहीं मिली उच्च न्यायालय से राहत

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफ ा अभी तक स्वीकार नहीं हुआ है। मामला हाई कोर्ट पहुंचा, लेकिन तीनों निर्दलीय विधायकों को हाईकोर्ट से भी फि लहाल कोई राहत नहीं मिली है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और ज्योत्सना रेवालदुआ की खंडपीठ ने मामले में अपना फैसला सुना दिया है। दो अलग-अलग याचिकाओं में खंडपीठ ने अपना निर्णय सुनाया। एक याचिका में निर्दलीय विधायकों ने हाई कोर्ट से इस्तीफ ा स्वीकार करने की मांग की थी। इस याचिका को डिवीजन बेंच ने हाई कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए एकमत से




खारिज कर दिया। वहीं दूसरी याचिका में विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा स्वीकार करने के लिए निर्देश देने की मांग थी। इस याचिका पर दोनों न्यायाधीशों ने भिन्न दृष्टिकोण से फैसला सुनाया है। ऐसी स्थिति में अब मामला तीसरे न्यायाधीश के पास लगेगा। जिनके निर्णय के बाद ही इस मामले में उच्च न्यायालय अपना अंतिम निर्णय सुनाएगा। हिमाचल हाई कोर्ट के महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायकों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में निर्दलीय विधायकों ने उनका इस्तीफा हाई कोर्ट से स्वीकार किए जाने की प्रार्थना की थी। उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने इस याचिका को एकमत से खारिज कर दिया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष के पास लंबित पड़े इस्तीफे को लेकर मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और ज्योत्सना रेवाल दुआ की खंडपीठ ने भिन्न दृष्टिकोण से फैसला सुनाया है। अनुप रतन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश रामचंद्र राव ने अपने फैसले में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक रूप से उच्च है। ऐसे में उच्च न्यायालय उन्हें निर्देश नहीं दे सकता।

वहीं न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवालदुआ ने अपने फैसले में कहा की क्योंकि अदालत 226 में न्यायिक पुनरावलोकन कर रही है। ऐसे में उच्च न्यायालय निर्दलीय विधायकों का इस्तीफ ा स्वीकार नहीं कर सकता। लेकीन विधानसभा अध्यक्ष के इस्तीफ ा स्वीकार करने को लेकर निर्देश दे सकता है। उन्होंने अपने निर्णय में दो सप्ताह के अंदर मामले का निर्णय करने का भी जिक्र किया। महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि ऐसी स्थिति में अब यह मामला तीसरे न्यायाधीश के पास जाएगे। उन्होंने कहा हालांकि इस मामले में तीसरे न्यायाधीश को इन्हीं पहलुओं पर अपना निर्णय सुनाना है लेकिन न्यायालय के नियमों के अनुसार तीसरे न्यायाधीश ने मामला पहले नहीं सुना होगा ऐसे में तीसरे न्यायाधीश पूरे मामले को दोबारा सुनेंगे।

## सेंटर फॉर ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन का हुआ शुभारंभ

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** आईआईटी मंडी और टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के लिए मानव-कम्प्यूटर संपर्क केंद्र की स्थापना होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके उद्घाटन समारोह में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, शिक्षा जगत और उद्योग जगत के सम्मानित लोगों ने शिरकत की। प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा, निदेशक, आईआईटी मंडी ने अपने विशेष संबोधन के साथ मेहमानों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी मद्रास के अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर एम. मणिवन्नन उपस्थित रहे निदेशक प्र. वेंकट कृष्णन अन्य फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के साथ उद्घाटन कार्यक्रम की मेजबानी की।

# राजभवन में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का विषय मानवता को जीवित रखना है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए अंशदान भी किया



**चमन शर्मा**

**शिमलाः राजभवन** में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर एवं प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा जानकी शुक्ल को रेडक्रॉस फ्लैग लगाए। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का विषय मानवता को जीवित रखना है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए अंशदान भी किया। राज्यपाल ने भारत रेडक्रॉस सोसाइटी हिमाचल प्रदेश के सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों की प्रदेश में रेडक्रॉस आंदोलन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर और तिब्बती स्कूल छोटा शिमला के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सहायता के लिए रेडक्रॉस स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शित करता एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। बच्चों ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को रेडक्रॉस फ्लैग भी लगाया। राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने विद्यार्थियों को मिठाईयां भी बांटी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आमजन में रेडक्रॉस के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए रैली भी निकाली।राज्यपाल के सचिव तथा राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश शर्मा, हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी, रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्य और राजभवन के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# प्रेस क्लब चंबा की पहल, मेधावी बच्चियों को किया सम्मानित




**हामिद**

**चंबाः** प्रेस क्लब चंबा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को सही ढंग से निभाना का बीड़ा उठाया है। शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट लिस्ट पर आने वाली मेधावी बच्चियों को प्रेस क्लब द्वारा सम्मानित किया है। यह सम्मान समारोह महाजन सभा चंबा में आयोजित किया गया तथा प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में प्रेस क्लब के सदस्यों की बेटियों को मेरिट पर स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष पर सम्मानित किया। इस श्रेणी में प्रेस क्लब के सदस्य अमीन मलिक की बेटी आफशां मलिक को बोर्ड परीक्षा की टॉप 10 लिस्ट में आने पर सम्मानित किया इसके अलावा पत्रकार डीके शर्मा की बेटी शैलजा शर्मा को भी 80ः अंक लेकर पूरे जिला में प्रथम आने पर सम्मानित किया इसी के साथ ही गुरमीत नागपाल की बेटी जो पिछले वर्ष मेरिट लिस्ट में आई थी प्राची नागपाल को भी इस समारोह में सम्मानित किया गया। यह सभी प्रेस क्लब चंबा के सम्मानित सदस्य हैं। प्रेस क्लब के प्रधान दीपक शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने इन बच्चियों तथा उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह तथा टोपिया पहनकर सम्मानित किया बाद में दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया गया । इस उपलक्ष में प्रेस क्लब के सभी सम्माननीय वरिष्ठ पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद रहे। प्रेस क्लब ने इस प्रकार के कार्यक्रम की शुरूआत की है जिसमें प्रेस क्लब के किसी भी सदस्य के बेटे बेटी शैक्षणिक क्षेत्र में मेरिट पर आने पर उन्हें सम्मानित करेगा इस मौके पर प्रेस क्लब के महासचिव हेम ठाकुर पूर्व प्रधान विनोद कुमार कानूनी सलाहकार सुभाष शर्मा वरिष्ठ उप प्रधान किशोर कुमार शिव शर्मा हामिद खान सहित सदस्य मौजूद रहे।

# हिमतरु का स्थापना दिवस समारोह 9 को

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः हिमतरु** प्रकाशन समिति 9 मई 2024 को जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद् सभागार में 20वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करेगी, जिसमें सचिव शिक्षा, भाषा कला संस्कृति, सूचना संपर्क विभाग, सामान्य प्रशासन, सैनिक कल्याण, पशुपालन विभाग, संसदीय कार्य व सचिव मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार राकेश कंवर बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे जबकि उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी। यह जानकारी हिमतरु प्रकाशन समिति के सचिव किशन ने दी।किशन ने बताया कि समारोह में आमंत्रित अतिथि साहित्यकारों, विद्वानों द्वारा जहां, महत्त्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किए जाएंगे, वहीं, कुल्लू साहित्य उत्सव विशेषांक, व कहानीकार शेर सिंह की पुस्तक यायावरी का लोकार्पण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमतरु प्रकाशन समिति कला, भाषा, संस्कृति, साहित्य, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित संस्था है तथा इसके माध्यम से वर्षभर अनेक गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं। समिति ने गत 19 वर्षों में कला, साहित्य एवं संस्कृति व प्रकाशन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये हैं तथा संस्था के ये प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# चुनाव में होगा भाजपा का सूफड़ा साफ: हरिकृष्ण

## चुनाव में हार निश्चित देखकर भाजपा नेता कर रहे बेतुकी बयानबाजी: हरिकृष्ण हिमराल

**चमन शर्मा**

**शिमलाः हिमाचल** में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार तय मानी जा रही है। जिसका डर उनकी बेतुकी बयानबाजी से साफ दिखाई दे रहा है। भाजपा नेताओं की बयानबाजी को लेकर कांग्रेस वाइस चेयरमैन हरिकृष्ण हिमराल ने कड़ी आलोचना की है। हिमराल ने कहा कि भाजपा अपनी हार निश्चित देख कर इस तरह की बयानबाजी कर रही है। भाजपा के पास न तो कोई मुद्दा है और न ही तथ्य है। क्योंकि प्रदेश में मात्र 15 माह के अल्पकाल में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी



द्वारा की गई गारंटियों को अमलीजामा पहनाया है। सरकार ने सबसे बड़ी गारंटी को लागू कर 1ण्36 लाख कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित किया है उसी तरह महिलाओं को 1500 रुपए सम्मान निधि, किसानों-बागवानों की फसल

कभी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तो कभी उनके प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल सरकार को कोसते रहते हैं: हिमराल

का खरीद मूल्य बढ़ाकर दूध के दामों में 10 रुपए की बढ़ोतरी करने, सेब का समर्थन मूल्य और यूनिवर्सल कार्टन पर खरीद शुरू करने की गारंटी समेत पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं। जिसकी बौखलाहट से भाजपा नेता घबराए हुए हैं। इसके अलावा जो अन्य गारंटियां हैं उन्हें भी सरकार जल्द पूरा करेगी। हिमराल ने कहा कि कभी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तो कभी उनके प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल सरकार को कोसते रहते हैं लेकिन उन्हें शायद इस बात के ज्ञान नहीं है कि सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में भयंकर प्राकृतिक आपदा में भी शानदार काम किया है जिसकी तारीफ विश्व बैंक और नीति आयोग ने भी की है लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार से कोई सहायता नहीं मिल पाई है। प्रदेश में भयंकर प्राकृतिक आपदा से करीब 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है लेकिन भाजपा के सांसद न तो खुद कोई सहायता कर पाए और न ही केंद्र सरकार से कोई सहायता दिलवा पाए।

# शिक्षा के साथ सह शैक्षणिक गतिविधियां भी जरूरी: जिंदल

**हामिद**

**चंबाः आवासीय** आयुक्त पांगी रितिका जिंदल ने आज जीमनेजियम हाल किलाड़ में, घाटी के विद्यार्थियों में सह शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरखत की। आवासीय आयुक्त ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल व अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों की महत्वता के बारे में बताया, उन्होंने कहा की हमें शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल कूद, संगीत, नृत्य, कला आदि को भी अपनी दिनचर्या का भाग बनाना चाहिए। खेल कूद गतिविधियां हमें अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है वहीं अन्य गतिविधियां हमारे कौशल विकास को बढ़ाने में सहायक होती हैं व हमें मानसिक तोर से भी स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया की विद्यार्थी शैक्षणिक क्षेत्र के अलवा अन्य क्षेत्रों में भी अपना उज्वल भविष्य बना सकते। इस दौरान आवासीय आयुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को उनकी रूचि अनुसार भविष्य चूनने में सहयोग व प्रोत्साहन देने की बात कही।उन्होंने अभिभावकों से आवाहन किया की वह बच्चों को अपना भविष्य स्वयं चुनने की आजादी दें।

# विद्यार्थियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** द हंस फाउंडेशन एमएमयू टीम-3 ने राजकीय उच्च विद्यालय फोजॉल में एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस विशेष चिकित्सा शिविर में टीम-3 ने निःशुल्क जांच-परीक्षण और उपयुक्त टेस्ट की सेवाएं प्रदान की। साथ ही, उन्होंने मुफ्त दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध करवाई।जिसमें सभी विद्यार्थियो और अध्यापको ने इस सुविधा का लाभ उठाया। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी डॉ शमशेर पुजारा द्वारा अच्छे स्वास्थ्य शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का




आयोजन किया, जिसमें अनीमिया के महत्व को बढ़ावा दिया गया।

टीम-3 ने नि:शुल्क जांच-परीक्षण और उपयुक्त टेस्ट की सेवाएं प्रदान की। साथ ही, उन्होंने मुफ्त दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध करवाई

अनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त में हेमोग्लोबिन की मात्रा कम होती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त नहीं होता है। यह स्थिति विभिन्न कारणों से हो सकती है, जिसमें आहार में पोषक तत्वों की कमी, अल्पाहार, या अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं शामिल हो सकती हैं।डॉ शमशेर पुजारा ने कहा, यह एक गंभीर समस्या है जो गहरे संभावनाओं को उत्पन्न कर सकती है, जैसे की अनुरक्ति, शिशु मृत्यु और स्तनपान के दौरान समस्याएं। हालांकि, यह बीमारी न केवल महिलाओं और बच्चों में होती है, बल्कि पुरुषों में भी हो सकती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने लोगों को अनीमिया के लक्षणों, बचाव और इलाज के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने लोगों से भी अपील की हैं कि वे नियमित रूप से अपने आहार में पोषक तत्वों को शामिल करें और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# लोकसभा चुनाव-2024 में अधिसूचना तक 2019 से अधिक जब्तियां




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मनीष गर्ग ने गत दिवस को बताया कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनावों की तुलना में आगामी लोकसभा एवं 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उप-चुनावों के दृष्टिगत अब तक 13.38 करोड़ रुपये नकदी, आभूषण, शराब और नशीली दवाओं को जब्त किया गया है, जबकि वर्ष 2019 में हुए चुनावों में यह जब्तियां 11.31 करोड़ रुपये थी। उन्होंने बताया कि अब तक शिमला संसदीय क्षेत्र से इस बार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सबसे अधिक 4.19 करोड़ रुपये की जब्तियां दर्ज की गईं, जबकि संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में इस दौरान 3.98 करोड़ रुपये की जब्तियां हुई। संसदीय क्षेत्र कांगड़ा में पुलिस, राज्य कर एवं आबकारी विभाग आदि प्रवर्तन एजेंसियों ने 3.36 करोड़ रुपये की जब्तियां कीं। मंडी संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 1.83 करोड़ रुपये की जब्तियां दर्ज की गईं।उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में पुलिस विभाग ने 3.73 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, ड्रग्स और अन्य कीमती आभूषण जब्त किए थे तथा राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने 7.58 करोड़ रुपये की जब्तियां की थी, जबकि वर्तमान चुनावों के दृष्टिगत अब तक पुलिस विभाग ने 4.65 करोड़ रुपये मूल्य की जब्तियां की हैं और राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने 8.35 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण जब्त किए हैं तथा आयकर विभाग ने 25 लाख रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किए।खनन विभाग द्वारा अब तक अवैध खनन के मामलों में 25 लाख रुपये के जुमार्ने किए हैं।उन्होंने बताया कि 7 मई, 2024 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में की गई नाकेबन्दी में कुल की गई जब्तियों में 51.55 लाख रुपये जिला बिलासपुर, जिला चम्बा में 66.80 लाख रुपये, जिला हमीरपुर में 29.04 लाख रुपये, जिला कांगड़ा में 2.74 करोड़ रुपये, 7.99 लाख रुपये किन्नौर में तथा 1.04 करोड़ रुपये नकदी, अवैध शराब, ड्रग्स और अन्य कीमती आभूषण जिला कुल्लू में जब्त किए गए।

# उपायुक्त ने राष्ट्रीय क्षेय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज राष्ट्रीय क्षेय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कुल्लू जिले को क्षेय रोग मुक्त बनाने के लिये सघन अभियान चलाया जाए इस कार्य मे पंचायतीराज संस्थाओं विषेकर पंचायत प्रधानों का सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 229 ग्राम पंचायतों में केवल 24 पंचायतों ने क्षेय रोग मुक्त पंचायत होने का दावा पेश किया है इन मे से केवल 20 पंचायतों को क्षेय रोग मुक्त किया जा चुका है।



उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को क्षेय रोग के बारे जागरूक करने के लिये ओर अधिक जागरूकता शिविर ग्राम व पंचायत स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग को पंचायतीराज विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा हर माह बीडीओ की प्रधानों की बैठक में शामिल होने होने के निर्देश दिये।

जिला क्षेय रोग अधिकारी डॉ सुरेश ने बताया कि जिले में वर्ष 2023 में 1492 क्षेय रोगियों का उपचार किया गया।बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन की कंसल्टेंट डर अवंतिका नायर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ नरेश चंद, जिला आयुर्वेद अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# अवैध खननः जेसीबी और दो ट्रैक्टर जब्त

**धर्मशालाः** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को पकड़ा है। बुधवार की अल सुबह पुलिस थाना डमटाल के तहत चक्की खड्ड में अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अवैध खनन में शामिल एक जेसीबी व दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। इस सम्बंध में थाना डमटाल में मोहन, पुत्र प्रकाश, निवासी इमटाल, विशाल, पुत्र प्रेम, निवासी राजा स्वासा इन्दौरा व रजत पुत्र शाम किशन निवासी डमटाल के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# मंडी लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रकाश चंद भारद्वाज ने भरा नामांकन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** बहुजन समाज पार्टी, मण्डी लोकसभा क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश से 65 वर्षीय प्रत्याशी किसान परिवार से सम्बन्धित पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, कृषि विभाग, हिमाचल प्रदेश डॉ प्रकाश चंद भारद्वाज ने कार्यकताओं के दल बल के साथ नामांकन पत्र डीसी कार्यालय मंडी में दाखिल किया। उन्होंने नामांकन के बाद कहा की बीजेपी कांग्रेस से मण्डी लोकसभा क्षेत्र की जनता ऊब चुकी है मंडी की जनता किसान के बेटे डॉक्टर प्रकाश चंद भारद्वाज को सांसद चुनने की लिए बसपा के हाथी चुनाव निशान पर वोट करने को तैयार बैठी है।बीजेपी कांग्रेस के प्रत्याशी गरीबी,



महंगाई, बेरोजगारी, प्रदेश पर कर्जे, बिजली प्रोजेक्ट में हिमाचल प्रदेश की जनता का हक अधिकार, चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश के हिसेदारी, अनुसूचित जाति उपयोजना में करोड़ों के घोटाले, अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़े वर्ग के बैकलॉग, महिलाओं पर अत्याचार, बागवानों के सेब और फ लों पर एमएसपी निर्धारण, किसानो की फ सलों का उचित मूल्य निर्धारण, भूमिहीनों को जमीन का मालिकाना हक जैसे मुद्दों से दूर भाग रहे है बसपा सरकार बनने पर संविधान को पूर्ण रूप लागू करके आम जनता को न्याय दिलाया जाएगा।

# 'सुजानपुर की जनता अनुराग को देगी बम्पर मतों से जीत दिलाएगी'

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** सुजानपुर की जनता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से बंपर मतों की लीड दिलाएगी और सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी राजेंद्र राणा को भारी बहुमत से जीत दिलाएगी यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल महामंत्री अनिल कौशल जगन कटोच ब मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले का अगर आज विकास हुआ है।

हमीरपुर जिले के विकास का पूरा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को तो उसका सारा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जाता है

हमीरपुर जिले के विकास का पूरा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को तो उसका सारा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जाता है अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमीरपुर जिला के साथ.साथ पूरे प्रदेश में एक समान विकास किया यही कारण है कि आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को प्रदेश की जनता पूरा प्यार और सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि पहली जून को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता कमल चुनाव चिन्ह के उम्मीदवारों को जीत दिलाने में इतिहास बनाएगी



यहां लोकसभा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को 2019 के मुकाबले इस बार उससे अधिक मतों की लीड दिलाई जाएगी और उपचुनाव के प्रत्याशी को जीत दिलाई जाएगी उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में आई कांग्रेस सरकार ने 15 महीनो के कार्यकाल के दौरान सुजानपुर में नया कुछ किया नहीं और जो कुछ पुराना था।पूरब की भाजपा सरकार ने किया था उसे बंद करवाने का काम किया है उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के आह्वान पर जयराम ठाकुर ने होली मेंले के समापन पर आईपीएच और इलेक्ट्रिसिटी का डिवीजन कार्यालय खोलने की घोषणा की थी घोषणा के बाद यह दोनों कार्यालय यहां पर काम करना प्रारंभ कर गए थे विभागिय उच्च अधिकारी और स्टाफ यहां पर तैनात कर दिया गया था। लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद स्थापित प्रदेश की सरकार ने दोनों कार्यालय चलाने के बजाय डी नोटिफ ाई कर दिए जो आज तक बंद है उन्होंने कहा कि सुजानपुर की जनता का इसमें क्या दोष है इस बात की स्थिति प्रदेश की सरकार स्पष्ट करें मुख्यमंत्री को बड़ा दिल रखकर सुजानपुर के काम करने चाहिए थे नए कार्यालय खोलने चाहिए थे।

लेकिन उन्होंने एक व्यक्ति विशेष के साथ द्वेष भावना करते हुए पूरी सुजानपुर की जनता को ही हासिये पर रख दिया आज सच्चाई सबके सामने है लेकिन सुजानपुर की जनता इस बार अपने साथ हो रहे अन्याय का बदला लेगी भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाएगी यह बात निश्चित है।

# भाजपा में दम है तोडकर दिखाएं सरकार: मुकेश

## कहा, हवा में उड़ जाएंगे भाजपा के सभी पन्ने, देहलां में कांग्रेस प्रत्याशी रायजादा के पक्ष में किया चुनाव प्रचार



**राजन पुरी**

**ऊनाः भाजपा** पन्ना प्रमुख सम्मेलन के एक दिन बाद ही कांग्रेस ने भी मंगलवार देर शाम ऊना विधानसभा क्षेत्र के तहत हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े गांव देहलां में जनसभा करके शक्ति प्रदर्शन कर डाला। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि पूर्व मंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने भी हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से बनी है, जहां से मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों महत्वपूर्ण पद मिले हैं। लेकिन कुछ लोगों को यह सरकार काम करती रास नहीं आ रही थी और इसे गिराने का प्रयास किया। लेकिन अब हालात यह है कि यह सभी लोग खुद हवा में लटक कर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में दम है, तो कांग्रेस सरकार को तोडकर दिखा दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक राज्यसभा सांसद को चुनने के चक्कर में नौ लोग सडक पर आ गए हैं। इनमें से 6 उपचुनाव में संघर्ष करते नजर आ रहे हैं तीन और लोगों के इस्तीफे कुछ दिन में मंजूर होने वाले हैं। उप मुख्यमंत्री ने भाजपा के पन्ना प्रमुख कार्यकताओं पर चुकती लेते हुए कहा कि इस तरह के पन्ने विधानसभा चुनाव में भी आए थे, लेकिन सभी पन्ने कांग्रेस की आंधी में हवा में उडकर रह गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के पास भाषण के अलावा और कुछ नहीं है। एक बार देश में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार बनी थी, तो वाजपेई उसे सरकार के रिपीट होने के दावे भी करते थे लेकिन अंतत लोकसभा चुनाव हुआ और सरकार कांग्रेस की आई।

एकजुट होकर रायजादा को जिताकर भेजिए दिल्ली

उप मुख्यमंत्री ने जनसभा में दावा करते हुए कहा कि इस बार दिल्ली में मोदी की सरकार बिल्कुल भी नहीं रिपीट होने वाली। कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी झांसे में आकर अपना वोट भाजपा के प्रत्याशी को न दें।

उन्होंने कहा कि एकजुट होकर सतपाल रायजादा को जिताकर दिल्ली में भेजिए। उप मुख्यमंत्री ने कंगना रनौत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब वह मुंबई से यहां आई तो प्रतिभा सिंह को सामने देखकर किसी और प्रत्याशी की मांग करने लगी और कांग्रेस ने विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतार दिया।

लेकिन अब विक्रमादित्य सिंह को देखकर कंगना रनौत की नींद उड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा सीट पर आनंद शर्मा के प्रत्याशी के रूप में सामने आने से भाजपा बुरी तरह बौखला चुकी है।

# इंजनघर वार्ड-18 में मतदाताओं से किया संपर्क



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः राजधानी** शिमला में इन दिनों भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यम की जीत के लिए घरद्वार जाकर कार्यकत्ता वोट मांग रहे है ताकि इन चुनावों में शिमला उम्मीदवार भारी वोटो से जीत हासिल कर सके। गत दिवस को भारी संख्या में भाजपा कार्यकत्ताओं द्वारा संजौली वार्ड में जनसंपर्क अभियान किया गया। इस जनसंपर्क अभियान में संगीता सूद, किरण शर्मा, कविता सूद, आशा सिंह और पुनीता शर्मा, रीटा, रीता तथा रेनू सूद उपस्थित रही। तत्पश्चात शिमला शहरी मंडल शक्ति केंद्र- इंजनघर वार्ड-18, बूथ नंबर-78/83 में आगामी चुनावों से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रवासी कमलेंदु सेमवाल, पूर्णकालिक विस्तारक संजीव, 2022 के प्रत्याशी संजय सूद के साथ-साथ संयोजक-विकास थाप्टा अमृता, राहुल, विशाल, सुरेंद्र, अंकुर सूद, जसविंदर सिंह, पूजा, राधा देवी, श्याम लाल गुप्ता, विकास बराग्टा त्रिलोक विजय चौहान उपस्थित रहे।



## बेला बाथड़ी उद्योग में चोरी करते दो शातिर काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना हरोली के तहत बेला बाथड़ी स्थित एक उद्योग में चोरी करते हुए दो शातिरों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान अच्छर सिंह निवासी नंगल कलां व गणेश कुमार निवासी बाथड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बेला बाथड़ी स्थित उद्योग के मालिक सन्नी सूद निवासी नई दिल्ली ने बताया कि अच्छर सिंह व गणेश कुमार मंगलवा रात्रि को चोरी के इरादे से उद्योग की दीवार फांद कर अंदर आ गए, जिन्हें कर्मचारियों ने चोरी करते हुए रंगे हाथ काबू कर लिया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर ऊना में लगा रक्तदान शिविर

## डीसी जतिन लाल ने स्वयं रक्त दान कर युवाओं को किया प्रेरित



**राजन पुरी**

**ऊनाः विश्व** रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने बुधवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्त दान शिविर लगाया। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान करके युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। डीसी ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है जिससे हम अनेक बहुमूल्य जिंदगियां बचा सकते हैं। आवश्यक है कि लोग विशेषकर युवा रक्तदान के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आएं। उन्होंने विश्व रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से मानवता की भलाई और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे बढकर स्वेच्छा से रक्त दान करने की अपील की। वहीं, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय सांख्यान ने बताया कि इस शिविर में कुल 49 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गरीब,

जरूरतमंद लोगों की सेवा और कल्याण के लिए चलाई गतिविधियों एवं कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा, चिकित्सा ध्यीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. करण सांख्यान, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय सांख्यान, रेडक्रॉस के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, टीम ऊना ब्लड सर्विस एनजीओ के संस्थापक लविश कपिला, ब्लड लाईस ऊना के संदीप शर्मा, ऊना ऑल ब्लेसिंग हैंड एनजीओ के हिमांशु विश्वमित्र समेत विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, डीसी तथा एसपी कार्यालयों के कर्मचारियों, आईटीआई ऊना समेत अन्य शिक्षिण संस्थानों के युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

## गगरेट विस क्षेत्र से एक ने भरा नामांकन

**राजन पुरी**

**ऊना**: विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन बुधवार को ऊना जिले के गगरेट विधानसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने बताया कि गगरेट से 44 वर्षीय मनोहर लाल निवासी डंगोह खास ने आजाद उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरा है। वहीं, कुटलैहड़ विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि कुटलैहड़ में दूसरे दिन भी किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है।

## कुटलैहड़ से भाजपा का त्रिदेव सम्मेलन आज, केंद्रीय मंत्री अनुराग करेंगे शिरकत

**राजन पुरी**

**ऊनाः** कुटलैहड़ भाजपा का त्रिदेव सम्मेलन 9 मई को बंगाणा मुख्यालय पर होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, राज्य के भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल व ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही भारी जनसभा को संबोधित करने के साथ त्रिदेव समेलन में कार्यकताओं को जीत के टिप्स देंगे। वही कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो बड़े नेताओं के सामने अपना शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे।

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने बताया कि वीरवार को बंगाणा में होने वाले त्रिदेव सम्मेलन के लिए कार्यकताओं ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि सम्मलेन में केंद्रीय मंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के लिए यह पहला मौका होगा। जब केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के सामने शक्ति प्रदर्शन करके अपनी ताकत बताएंगे।

## गर्भवती महिलाओं के लिए चिकित्सीय जांच शिविर 9 को

**राजन पुरी**

**ऊना**: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में 9 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की चिकित्सीय जांच के लिए शिविर लगाया जा रहा है। यह जानकारी सीएमओ ऊना डा. एसके वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में लगाया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. अंकिता चड्ढा द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी। शिविर में लैब टेस्ट, खून का स्तर, मधुमेह, रक्तचाप व गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों की जांच व पहचान की जाएगी। साथ ही मुफ्त इलाज किया जाएगा।

## एमजी मोटर इंडिया ने शिमला और सोलन में डीलरशिप का उद्घाटन किया राष्ट्रव्यापी सेल्स और सर्विस नेटवर्क का विस्तार किया

**शिमला**:100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज)मोटर इंडिया ने आज शिमला और सोलन में एक नई डीलरशिप का उद्घाटन किया है।यह डीलरशिप्स बेमिसाल एक्सेसिबिलिटी और सर्विसेस की पेशकश करती हैं जिनके डिस्प्ले में नवीनतम एमजी मॉडल,एक ईवी चार्जर,इमर्सिव कस्टमर एक्सपीरियंस के लिए डिजिटल कॉन्फिगरेटर और आफ्टर सेल्स सपोर्ट शामिल हैं।एमजी ने हमेशा कस्टमर सेन्ट्रिसिटी/ग्राहक केंद्रित एडवांस और फ्यूचरिस्टिक प्रोडक्ट्स को विकसित करने के साथ ग्राहकों को बेस्ट इन क्लास प्रोडक्ट और सर्विसेस की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित किया है।ब्रांड का लक्ष्य साल के अंत तक 100 नए टचप्वाइंट स्थापित करना है और शिमला और सोलन इस तरह के पहला आउटलेट है। ये टचप्वाइंट्स इन नए क्षेत्रों में ग्राहकों को अपनी पसंदीदा एमजी कार चुनने और चलाने का अवसर प्रदान करेंगे। साथ ही एक सुलभ सेल्स और सर्विस एक्सपीरियंस प्रदान करेंगे जो उन्हें पूर्ण शांति प्रदान करेगा। एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर,सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि हम एमजी 2.0 के तहत शिमला और सोलन में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए रोमांचित हैं।जैसे जैसे हम बाजार के साथ बढ़ रहे हैं वैसे वैसे ब्रांड के ज्योग्राफिकल फुटप्रिंट्स को नए क्षेत्रों में विस्तारित कर रहे हैं जिससे आसान सेल्स और आफ्टर सेल्स सर्विसेस सुनिश्चित हो रही हैं।

## मतदान केंद्र मुराहला पहुंची एसडीएम संग स्वीप टीम




**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** नाचन विधानसभा क्षेत्र के सबसे दुर्गम और सबसे उंचे मतदान केंद्र मुराहला में एसडीएम गोहर के साथ स्वीट टीम ने जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। जानकारी देते हुए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट बताया स्वीप टीम सहित मतदान केंद्र 82-मुराहला का दौरा किया। यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्र में से एक व नाचन निर्वाचन क्षेत्र का सबसे ऊंचाई 7900 फ िट पर स्थित मतदान केंद्र है। गोहर से वाया जाच्छ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग एक घण्टे की पैदल यात्रा के बाद स्वीप टीम 82-मुरहाला के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुराहला पहुंची। उन्होंने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में नाचन में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है। मतदान केंद्र पर उपस्थित लोगों को मतदान शपथ दिलाई। लोगों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। स्वीप टीम द्वारा साथ ही एक अन्य मतदान केंद्र 81-सेरी राजकीय माध्यमिक पाठशाला गराडीघाट का भी दौरा किया गया और वहां के मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के बारे में बताया गया और गांव के लोगों से आग्रह किया गया कि व अपने रिश्तेदारों व गांव के हर नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित करें और 1 जून को होने वाले मतदान में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान किया गया जिससे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मत प्रतिशत भी बड़े और हमारा लोकतंत्र भी सुदृढ़ हो। इस अवसर पर रीडर टेकचंद, मदन, स्वीप टीम सदस्य, बीएलओ सोहनलाल, बीएलओ खेमराज और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा बचाव के गुर



**राजन पुरी**

**ऊनाः जवाहर** नवोदय विद्यालय पेखूबेला में चल रहे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन बुधवार को एनसीसी कैडेट्स को आपदाएं से बचाव के गुर सीखाएं गए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभाग ऊना से विशेष रूप से आए डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड धैर्य शर्मा, को-ऑर्डिनेटर ट्रेनिंग सुमन चाहल व अवतार सिंह जसवाल ने कैडेट्स को जागरूक किया। धैर्य शर्मा ने कहा कि एनसीसी जो की एक वालंटियर संगठन है, ऐसी आपदाओं के आने पर अपना अहम रोल अदा करता है। इसलिए एनसीसी कैडेट्स को आपदाएं क्या होती है और आपदाओं से कैसे बचा जा सकता है। इसकी बारीकियां की जानकारी होनाअति आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि आपदाएं मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं, उनमें से एक मानव निर्मित आपदाएं और दूसरी प्राकृतिक आपदाएं इनमें से मानव निर्मित आपदाओं को तो काफी हद तक रोका जा सकता है, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं को रोकना असंभव होता है। इस अवसर पर कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एमआईए डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे

**राजन पुरी**

**ऊनाः** एमआईए डीएवी पब्लिक स्कूल मैहतपुर में बुधवार को मदर्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसका शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा वेलकम सॉन्ग के साथ किया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन के नन्हे-नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। तदोपरांत उपस्थित सभी मदर्स द्वारा मॉडलिंग तथा विभिन्न फन गेम्स करवाई गई। विजयी मदर्स को वंडरफुल मदर्स और अमेजिंग मदर्स के खिताब से पुरस्कृत किया गया। किंडरगार्टन के सभी अध्यापकों के बेहतरीन आयोजन के लिए उनकी सराहना की।

# माऊंट ऐवरेस्ट मॉडल हाई स्कूल का दसवी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत




**राजन पुरी**

**ऊनाः प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मांऊट ऐवरेस्ट मॉडल हाई स्कूल मैहतपुर के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। स्कूल की प्रधानाचार्या किरण राणा ने बताया कि बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वैष्णवी ने 680 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। परमिंद्र सिंह ने 593 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, वंशदीप राणा ने 575 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान व अरुषी ने 537 अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर कब्जा किया। प्रधानाचार्या ने बताया कि परीक्षा परिणाम में अध्यापकों व अभिभावकों का बहुत सहयोग होता है, जिससे अच्छे परिणाम आते हैं। इस अवसर पर स्कूल चैयरमैन सुभाष राणा, नीलम कुमारी, सुषमा देवी, सषमा, जसवीर कौर, वंदना रानी, मंजू शर्मा, अंजू कुमारी, कंचन, कुलविंद्र कौर, मुस्कान व सृष्टा देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**राजन पुरी**

**ऊनाः डीएवी** सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना के एनएसएस यूनिट द्वारा मतदाता जागरूक रैली निकाली गई। स्वयंसेवियों को स्थानीय प्रबंधक समिति के उप प्रधान बलविंदर सिंह व प्राचार्य प्रवीण सहगल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबंधक समिति के उप प्रधान बलविंदर सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतंत्र देश है। 18 वर्ष व इससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार है। स्वयंसेवी लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महान पर्व में हिस्सा लेने के लिए आमजन को जागरूक करना हम सबका कर्तव्य है। प्राचार्य प्रवीण सहगल ने कहा कि स्वयंसेवी सदैव सामाजिक जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। स्वयंसेवी मतदान के प्रति उदासीनता दिखाने वाले अपने आस-पड़ोस के नागरिकों को मतदान की महत्ता बात कर जागरुक कर सकते हैं।

# डूहल बंगवाला में चिट्टे संग एक गिरफ्तार



**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना चिंतपूर्णी के तहत डूहल बंगवाला में पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टे संग गिरफ्तार किया है। आरोपी से व्यक्ति ने 5.91 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस मंगलवार शाम को डूहल बंगवाला में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शौनक ठाकुर निवासी करियाड़ा की तलाशी ली, जिसके पास से पुलिस ने 5.91 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

# बंगाणा में निर्धारित रूट पर नहीं पहुंच रही बसें, यातायात सुविधा बेहाल

## ऊना-तूतडू व नंगल-खड़ोल बसें अपने रूट पर 90 दिन से नहीं पहुंच रही

राजन पुरी

ऊनाः ऊना डीपू की बसें अपने-अपने निर्धारित रूट पर उपमंडल बंगाणा नहीं पहुंच रही हैं। बसों के न आने जाने से उपमंडल बंगाणा के एक दर्जन के करीब गांवों के सैंकड़ो लोग यातायात सुविधा से परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया है कि ऊना-तूतडू व नंगल-खड़ोल बसें अपने रूट पर 90 दिन से नहीं पहुंच रही हैं। ऊना- तूतडू बस को परिचालक बंगाणा में ही खड़ा कर देते हैं। इस बस का बंगाणा से चलने का समय 6:20 मिनट है। यह बस 3 महीने से अपने तूतडू नहीं पहुंच पाई है, जबकि दूसरी बस नंगल से खड़ोल के लिए चलती है। इस बस को भी बस के चालक व परिचालक द्वारा बंगाणा में ही रोक दिया जाता है। बंगाणा से इस बस के चलने का समय 5:30 बजे है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि एक सप्ताह से यह बस भी खड़ोल नहीं पहुंच पाई है। उपमंडल के चराड़ा, साईं नारी, बग्घी, खाड़ोल, अरलू, करोड़ आदि गांवों के लोगों सोहन लाल, सुरेंद्र कुमार, अजय कुमार, दिलबाग सिंह, संतोष कुमारी, कमलेश, माया देवी, सुशील का आरोप है कि बसों के न पहुंचने की शिकायत निगम के अधिकारियों से भी की गई, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

मामले को लेकर की जाएगी जांच

क्षेत्रीय प्रबंधक ऊना सुरेश धीमान ने कहा कि अभी-अभी इन बसों के गंतव्य तक नहीं पहुंच पाने की सूचना मिली है। हमारी ओर से तो सभी बसें ठीक अपने-अपने रूटों पर नियमित चल रही हैं। अभी जांच करके पता लगाया जाएगा कि चालक व परिचालक को क्या समस्या आ रही है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम यूनिट कुंडली** व सेक्टर-27 शहर थाना ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ शेरा निवासी पेपर मील कॉलोनी प्याऊ मनियारी कुंडली, अंकित निवासी हिसार हाल में बैंक कॉलोनी भिवानी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अमन को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे आरोपित को जमानत पर रिहा कर दिया। कुंडली पुलिस में तैनात सिपाही नरेश की टीम ने गश्त के दौरान पेपर मील के पास से संदिग्ध हालत में युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास दो देशी पिस्तौल व 10 जिंदा रौंद मिले। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कुंडली में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं सेक्टर-27 थाने में तैनात अजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सांपला रोड से युवक को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद किए। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### हॉलैंड यूरोप दौरे पर साक्षी राणा संभालेगी उपकप्तान की जिम्मेदारी

**सोनीपतः हॉलैंड यूरोप के दौरे** पर जा रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाऊंडेशन के तहत चल रही हॉकी अकादमी की तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। साक्षी राणा पहले ही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की सदस्य है। उसको उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके अलावा कनिका सिवाच व निधि को गोलकीपर के रूप में भारतीय जूनियर महिला हॉकी में पहली बार स्थान दिया गया है। मैदान के खिलाड़ियों व सभी कोचिंग स्टाफ में खुशी का माहौल है। भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रीतम सिवाच के अलावा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हॉलैंड (यूरोप)के दौरे पर छह मैच खेलेगी।

### सट्टेबाजी करते हुए चार आरोपित गिरफ्तार, मौके से 14200 रुपये बरामद

**सोनीपतः राई थाना पुलिस ने** सट्टेबाजी करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 14200 रुपये की राशि बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत राई थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित कबुरबाजी के जरिए गांव सेवली में सट्टा लगवा रहे थे। जिसको लेकर पहला इनाम एक लाख रुपये, दूसरा फ्रीज व 50 हजार रुपये कुलर का है। टीम ने मौके से पंकज उर्फ पिंचू, आकाश, विकास उर्फ विक्की व पंकज निवासी मलिकपुर बताया।

### घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के बंदेपुर** में घर के बाहर से कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।बंदेपुर निवासी विकाश शर्मा ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को हर रोज की तरह घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी गाड़ी गायब मिली।

# भारत का चहुंमुखी विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होगा : मोहनलाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः भाजपा उम्मीदवार** मोहनलाल बडौली को चुनावी जनसंपर्क के दौरान लोगो का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। गुरुवार को सोनीपत विधानसभा के गांवों में जनसंपर्क कर बीजेपी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। सिंहपुरा में और सफीदों में जनसंपर्क के दौरान आयोजित विशाल जनसभा सभा में जय श्रीराम के नारे के साथ भाजपा प्रत्यासी मोहनलाल बडौली का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों से मिल रहे भारी जनसमर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, जिले के सम्पूर्ण



विकास भाजपा सरकार में ही संभव है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि, भेदभाव रहित विकास के लिए वह कृतसंकल्पित हैं। कहा कि, पीएम मोदी ने अपने पिछले 10 साल के कार्यकाल में भारत का चहुंमुखी विकास करने का काम किया है।

भाजपा प्रत्यासी मोहनलाल ने विकास की इस गति को जारी रखने के लिए जिले के सब्जी मंडी सफीदो, खरकहा, बहादुरपुर, सफीदो, बुढा खेड़ा, रजाना खुर्द, रजाना कला, जामनी, ढठस्थ, मांडी खुर्द, मोहम्मद खेड़ा, खरक गदियां, बनिया खेड़ा, तेली खेड़ा, आहलन, रिटौली, बेरी खेड़ा, जयपुर, सिंघाड़ा आदि गांवो के लोगों से आगामी 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

वहीं भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली पत्नी गीता देवी ने नहरा गांव में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस बीच भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली खरखोदा कार्यालय पहुंचकर राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सदस्य सुभकरण चौधरी और सोनी लोकसभा की प्रभारी पूर्व सांसद सन्तोष अहलावत से मुलाकात कर पीएम मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने पर विचार विमर्श किया। सिंहपुरा में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बसंत सिंघरिया, पूर्व विधायक कलिक राम पटवारी, चेयरमैन अमरपाल राणा, सिंहपुरा गांव के सरपंच नरेश भारण, एडवोकेट सुरेश कौशिक, राजवीर शर्मा, जितेंद्र गौड़, सुभाष शर्मा, कमलदीप मंत्री, राजकुमार शर्मा, अखिल गुप्ता, रामरती वर्मा, गीता सरनी, विनोद कुमारी, रेखा देवी समेत गांव के सरदारी मौजूद रहे।

## 12 को सोनीपत मे मनाया जायेगा परशुराम जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः भगवान** परशुराम जन्मोत्सव के संदर्भ में प्रेस वार्ता ब्राह्मण उत्थान परिषद सोनीपत के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव 12 मई 2024 को सोनीपत शहर में बहुत धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने दी। मुकेश शर्मा ने बताया की भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा सोनीपत शहर में निकाली जाएगी।

भगवान परशुराम चौक निकट आईटीआई चौक से शोभा यात्रा सुबह शुरू होकर सुभाषचौक बस स्टैंड गांधी चौक से होती हुई सेक्टर 15 में स्मपान किया जाएगा। कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 में सम्मान समारोह और भंडारे का आयोजन किया गया है।ब्राह्मण उत्थान परिषद इस आयोजन में सभी परशुराम भक्तों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। इस मौके पर मुकेश शर्मा , अरुण कौशिक भारतीय,एडवोकेट रविंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा ,राजेश शर्मा व राजेंद्र गौतम उपस्थित रहे।

## पैर फिसलने से डूबे 15 वर्षीय रमन का 36 घंटे बाद ककरोई नहर में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः बलीकुतुबपुर गांव के** पास पैर फिसलने से पश्चिम यमुना लिंक दिल्ली ब्रांच नहर में डूबे 15 वर्षीय रमन का शव 36 घंटे बाद ककरोई नहर में मिला। सूचना पर खुबडू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी देते हुए खुबडू चौकी प्रभारी एसआई सुल्तान सिंह ने बताया कि गत रविवार को बलीकुतुबपुर गांव का रमन अपने दोस्तों के साथ घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए गया था। रमन दौड़ लगाने के बाद सरढ़ाणा पुल के पास नहर में हाथ पाव धोने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। जिसके बाद लगातार आईआईआरबी भौंडसी, एनडीआरएफ, गोताखोर व प्रशासन की टीम लगातार सर्च अभियान चला किशोर का पता लगाने का प्रयास



कर रही थी।

रमन के स्वजन सोमवार की रात को ककरोई के पास नहर में जाल लगा कर बैठे थे। मंगलवार की सुबह रमन का शव ककरोई नहर में जाल में फस गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजन को सौंप दिया है।

## सांसी क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत जिला के गांव** अदियाना में सांसी समाज ने सांसी क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया इस प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट् में गांव के कबड्डी मैदान में हुआ किरकेट टूनामेंट में 27 गांवों की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें आज मुख्य अतिथि के रूप भाजपा नेता सत्यावान शेरा का आना हुआ टूनामेंट का आयोजन सांसी समाज ने अपने समाज के खिलाड़ियों को ही इस प्रतियोगिता में निमंत्रण दिया था। खेल के सख्त नियमों में नॉकआउट सिस्टम था और जो टीम समय पर नहीं पहुंची उसे बिना खेल ही नॉकआउट सिस्टम से बाहर कर दिया आज नियमों को देखते हुए भाजपा नेता सत्यावान शेरा ने कहा कि बड़ी प्रसन्नता मिली की खेल भावना के माध्यम से जो सांसी समाज अपने समाज को समय की



महत्वत्ता बता रहा है। समाज को जागरुक कर रहा है जिस तरीके से समय बर्बाद ना करके अपने तय समय पर हर काम को करेंग तो समय बर्बाद नहीं होगा ओर समय पर हर काम करने कि आदात पड़ेगी भाजपा नेता व पूर्व प्रदेश सचिव सत्यावान शेरा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर संबोधन करते हुए यह कहा की ऐसी खेल प्रतियोगिताओं से नौजवानों के जीवन में सुधार आता है और वह नशे व बुराइयों से दूर रहते हैं ऐसे टूनामेंट होते रहना चाहिए जिससे देश प्रदेश में जिला गांव को अच्छे खिलाड़ी मिलते हैं। बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है साथ आऐ कार्यकर्ता दीपक शेरा, सुमित शर्मा,संदीप कौशिक बिंटू कश्यप उपस्थित थे इस टूनामेंट के आयोजक कमेटी मेंबरः अमित कुमार सिसोदिया, अंकित बंटेश संदीप कुमार अमित कुमार राजेश संदीप बहुत अच्छा सफल आयोजन किया और उसके लिए बधाई दी।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है विश्व रेडक्रॉस दिवस : सुधीर जैन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक पोस्टर बना कर रेडक्रॉस के संदेशों से सभी को अवगत करवाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने रेडक्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित




कर श्रद्धांजलि दी। सुधीर जैन ने कहा कि यह खास दिन हम सभी को उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस संस्था दुनिया भर में तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघर्षों और बाकी संकटों से प्रभावित लोगों को राहत और मदद पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। वैसे तो रेडक्रॉस सोसाइटी का काम हमेशा जारी रहता है। किसी भी बीमारी या युद्ध संकट में इनके वॉलेंटियर्स लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में रेडक्रॉस आंदोलन की अहमियत और भी अधिक प्रासंगिक हो गई थी । कोविड को हराने के लिए रेड क्रॉस ने युद्धस्तर पर काम किया। सीईओ संजय जैन ने कहा कि इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम है, मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है। इस थीम में मानवीय कामों में लगे रहने और रेडक्रॉस के मिशन का समर्थन करने से आने वाले खुशियों और पुरस्कार पर फोकस किया गया है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने प्राथमिक चिकित्सा व फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने सभी को तंबाकू व अल्कोहल से दूर रहने की सलाह दी और रक्तदान कर पीड़ितों को मानवीय सहायता करने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली । कुश, आदित्य, अनन्या, अतुल, तनीषा,आरुषि, प्रांशी, सनोवर, निमित, पलक, सात्विक, देवांश, कुशल आदि छात्र-छात्राएं रेडक्रॉस के संदेश लिखी तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**मनीष कुमार**
**अम्बालाः अंबाला शहर** के देवीनगर स्थित गुरुद्वारा इच्छापूरक धाम में प्रत्येक माह की तरह इस महीने भी अमावस्या के अवसर पर कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में संगत का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम तक कीर्तन समागम चलता रहा और संगत माथा टेकने के लिए आती रही। वहीं इस मौके पर आज गुरुद्वारा साहिब में रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर टीपी सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस की तरफ से रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए आए दिन शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस के मुकेश ने भी रक्तदान किया अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस 8 मई पर जिला शाखा अंबाला द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा समिति के सहयोग से गुरुद्वारा इच्छापूरक धाम, जेकेएस ग्लोबल स्कूल हॉल में किया गया। विजयलक्ष्मी, सचिव, जिला रेडक्रॉस समिति अंबाला व हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य टीपी सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौंसला अफजाई की। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर व नेत्र जांच का आयोजन किया गया।

## बीएसएफ के जवान का सिसाना में हुआ अंतिम संस्कार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के सिसाना** गाँव में बुधवार को बीएसएफ के जवान का अंतिम संस्कार किया गया। सिसाना का रहने वाला 29 वर्षिय संजय बीएसएफ में क्लर्क के पद पर सेवारत था। और हाल समय में पश्चिम बंगाल के शिवपुर पूरी क्षेत्र में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि तेज तूफान आने के दौरान एक पेड़ गिरने के चलते संजय उस पेड़ की चपेट में आ गया। जिससे संजय की



मौत हो गई। बुधवार की सुबह संजय का शव उनके पैतृक गाँव सिसाना में लाया गया। जहाँ पर ग्रामीणों की भारी संख्या की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकारः स्वीटी रंगा

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव मद्धीपुर में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।



पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेगा। स्वीटी रंगा नलवी ने शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है। स्वीटी रंगा ने बताया कि ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने खेतो में काम करती महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। सभी महिलाओं ने स्वीटी रंगा को विश्वास दिलाया कि डॉक्टर सुशील गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाएंगे।

## रक्तदाताओं को होना चाहिए स्वयं पर गर्वःडीईओ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः**
**विश्व रैडक्रॉस दिवस** के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा ब्राइट स्कॉलर स्कूल व श्रीराम विश्वविद्यालय राई में रक्तदान शिविर तथा हैबीटेट क्लब व सरस्वती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षिण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राइट स्कॉलर स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया तथा श्रीराम विश्वविद्यालय राई में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि कुलपती प्रो० परमजीत सिंह जयसवाल द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नवीन



गुलिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढक? भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों को जीवनदान देते रहें। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है। कुलपती प्रो० परमजीत सिंह जयसवाल ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति नियमानुसार साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब मरीज के साथ कोई डोनर नहीं होता है और उन्हें रक्त के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसलिए हमें रक्तदान शिविर में बढ़चढकर भाग लेना चाहिए और लोगों का जीवन बचाना चाहिए।

इसके अलावा बुधवार को हैबीटेट क्लब तथा सरस्वती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय शर्मा ने बच्चों को रैडक्रॉस सस्थापक हैनरी डयूनाट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बच्चों को पीड़ित को सांस न आने की स्थिति में जीवन दायनी सीपीआर तकनीक, घायल को ट्रांसप्रोर्ट करने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, टीबी से बचाव के लक्षण के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस मौके पर श्रीराम विश्वविद्यालय राई के रजिस्ट्रार वी सैमूलराज, रैडक्रॉस के जूनियर कॉडिनेटर शशी मेहता, डा0 नीरज चड्डा, सरस्वती सीनियर सैकन्डरी स्कूल से प्रबंधक दीपक शर्मा, रैडक्रॉस से लेखा मुकेश, राजबीर, नीरज सहित 500 से अधिक बच्चे मौजूद रहे।

## शराब फैक्टरी के स्प्रिट टैंक में आग से ब्लास्ट, एक कर्मी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने से ब्लास्ट हो गया। वहां काम कर रहे कर्मी काफी दूर खेत में जाकर गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद आग भडक गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आग पर काबू पाने में लगी है। मामले की सूचना के बाद उपायुक्त भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रबंधों की जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में कर्मी काम कर रहे थे। दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने के साथ ही ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से वहां काम कर रहे गांव सांदल निवासी संदीप करीब 120 मीटर दूर खेत में जाकर गिरे। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। आग लगी देख कर्मी बाहर भागे। जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी। आग की सूचना के बाद सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई है। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

**फैक्टरी में स्थापित दूसरा टैंक हुआ लीक-**
जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें साथ ही फैक्टरी में एक अन्य स्प्रिट टैंक भी है। टैंक में ढाई लाख लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है।

## संपादकीय

# वैक्सीन के खेल का खुलासा

**कोरोना काल में** हुई असंख्य मौतों के बाद भी अकाल मृत्यु का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लगभग रोजाना ऐसी खबरों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिनमें कहीं कसरत करते हुए, कहीं नाचते हुए, कहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अच्छे-भले लगने वालों की मौत हो गई। ऊपरी तौर पर शरीर भले ही स्वस्थ दिखाई दे रहा हो, लेकिन भीतर न जाने एकदम से क्या होता है कि सीधे जान ही चली जाती है। डॉक्टर भी इन अकाल मौतों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। लेकिन एक सामान्य धारणा बन रही है कि कोरोना से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई हैं, ये उसका साइड इफेक्ट यानी दुष्प्रभाव हो सकता है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। लेकिन इस बीच कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी बनाई वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। सोमवार 29 अप्रैल को ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेज में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है, जो मस्तिष्क आघात या दिल के दौरे का कारण बन सकती है। हालांकि कंपनी का कहना है कि कम मामलों में ही ऐसे दुष्प्रभाव देखे गए हैं। इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉमूर्ले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। जिसे भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया गया है। कम से कम 175 करोड़ लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया है। भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की जबरदस्ती नागरिकों पर थोपी थी, क्योंकि वैक्सीन लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाए बिना न सफर करने दिया जा रहा था, न शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों में जाने दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाला प्रमाणपत्र लेकर लोगों को घूमना पड़ रहा था। उनके लिए शायद यह भी प्रचार करवाने का एक अवसर था। हालांकि अब कहा जा सकता है कि इसमें करोड़ों नागरिकों को गिनीपिग की तरह दवा कंपनियों के सामने पेश कर दिया गया। जिन पर कंपनियों ने अपनी वैक्सीन का परीक्षण किया। इसके बाद लोगों की जान अचानक चली जाए, तो भी इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। क्योंकि सरकार को तो वैक्सीन बनवाने की वाहवाही लूटनी थी। भारत में इस समय जो अकाल मौतें हो रही हैं, उसके पीछे क्या वैक्सीन जिम्मेदार है, और ऐसे कितने लोग हैं, जिनकी मौत का कारण कोविड वैक्सीन है, इसके कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की वजह से हुई मौतों या गंभीर बीमारियों के खिलाफ लोग अदालत गए और अब कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। इन पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हजार्ना मांगा है। सबसे पहले पिछले साल जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। लेकिन इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेज में कंपनी इस दावे से पलट गई। और अब पता चल रहा है कि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से टीटीएस हो रहा है।

# स्वरोजगार से आएगा जीवन में बदलाव

-डॉ. सौरभ मालवीय

> “ नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25,696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए ”

**बेरोजगारी** अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं।

**बरोजगारी के कारण**

देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी।

**युवाओं को प्रशिक्षण**

निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण



आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है।

**रोजगार के अवसर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र ह्यभाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024ह्ण में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**स्वरोजगार की महत्ता**

स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है।

यह नियुक्ति के बाद कार्यरत व्यक्ति को स्थिरता के लिए सहायक भी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन में कमी आएगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय कार्यान्वयन प्रतिरूप है। नीति निर्माण, तकनीकी सहायता और सरलीकरण एजेंसी के रूप में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राष्ट्रीय यूनिट ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्य करती है। यह योजना के राज्य मिशन कार्यान्वयन को समर्थन प्रदान करती है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियां कौशल्य और नियोजन परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करती है।

यह योजना बाजार की मांग के समाधान के लिए नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25,696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए। ऐसे में कुशल युवकों के लिए रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

# राम के नाम पर नहीं काम के नाम पर चुनिए

**राकेश**

**हम क**लम घसीटने वालों के पास मुफ्त में देने के लिए अन्न नहीं है लेकिन तजुर्बे हैं,सलाह-मशवविरे हैं, जो हम लगातार देते रहते है। अठारहवीं लोकसभा के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद चौथे ,पांचवें,छटवें और सातवें चरण में मतदान करने वालों को हमारी सलाह है कि वे ' राम के नाम पर नहीं बल्कि काम के नाम पर ' मतदान करें और जो राम के नाम पर भिक्षाटन कर रहा हो उसे या तो राम के पास ही माला जपने के लिए भेज दें या फिर उससे कहें की वो काम करे।देश की जनता राम को अपना आराध्य मानती है और राम के नाम पर लगातार उदारता दिखाकर मतदान भी करती आयी है किन्तु अब राम जी की कृपा से जनता जाग गयी है। जनता को समझ में आ गया है कि राम को तो वोट की जरूरत है ही नहीं। वे तो पहले से राजा राम है। वोट तो उनके नाम पर राजनीतिक ठगी करने वालों को चाहिए। हरियाणा में दल-दल से बाहर खड़े होकर दलदल की सरकार का समर्थन करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों को सबसे पहले ये समझ में आया है और उन्होंने राम के नाम पर बनी नकली राम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। अब हरियाणा में या तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा या फिर नए चुनाव होंगे । राम के नाम पर खरीद-फरोख्त की गुंजाइश अब लगभग बची नहीं है। हरियाणा की जनता और नेता राम के साथ ही कृष्ण की भी सुनते है। असली महाभारत तो हरियाणा में ही हुआ था । यहां के लोग रामायण के साथ ही गीता के उपदेशों के बारे में भी जानते हैं। शायद इसीलिए भाजपा को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीयों ने सरकार से समर्थन वापस लेते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का एलान कर दिया है। रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के साथ निर्दलीय विधायक दादरी से सोमबीर सांगवान, पूंडरी से रणधीर गोलन और नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस के समर्थन का एलान किया है।

देश में जब रामनाम की खुली लूट चल रही थी तब भी 2019 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा की 90 सीटों में से भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी और बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में असफल रही थी। वहीं, इनेलो से अलग होकर बनी जननायक जनता पार्टी के दस विधायक बने थे। सात निर्दलीयों ने भी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के खाते में 31 सीट तो इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के खाते में एक एक सीट आई थी। इस स्थिति में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन किया और करीब साढ़े चार साल तक प्रदेश में सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस की आदमपुर सीट कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने से खाली हुई और वहां उपचुनाव में उनके बेटे ने जीत दर्ज की और भाजपा के प्रदेश में 41 विधायक हो गए। वहीं, कांग्रेस के पास तीस विधायक रह गए। पिछले दस साल में भाजपा ने राम के नाम पर अनेक राज्यों की चुनी हुई सरकारें गिराईं,दल-बदल कराया,पार्टियों को तोड़ा किन्तु ये पहला मौका है जब खुद भाजपा की सरकार टूट रही है। यानि जो तकनीक भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए अब तक इस्तेमाल करती आ रही थी।

## विचार

# रामद्रोह-रामभक्ति की विचारधाराओं का संग्राम है यह लोकसभा चुनाव

**मृत्युंजय दीक्षित**

**तीसरे चरण** का मतदान संपन्न होने के पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य नव्य रामलला मंदिर में पूजा अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहाँ राष्ट्रपति महोदया ने अपनी अनुभूतियाँ सोशल मीडिया पर साझा कीं वही प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकल पड़े। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आन्दोलन के राजनैतिक खेवनहार रहे नरेंद्र मोदी का रोड शो देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता है, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं। सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि, ह्लकांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्री राम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं, भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है.वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलाई थी इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनावों को साधारण चुनाव नहीं बताते अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं । कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी अपने साक्षात्कार में बताया कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर जाने और इंटरनेट मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका था लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पाईं।उनका कहना था कि, ह्लमैंने सुना था कि कांग्रेस राम विरोधी, सनातन विरोधी और हिन्दू विरोधी है पर कभी माना नहीं था किंतु जब मैं अपनी मां व परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने गई तब कांग्रेस की असलियत का पता चल गया।जब मैंने अपने घर पर राम ध्वजा लगाई तब से कांग्रेस ने मुझे तिरस्कृत करना प्रारम्भ कर दिया। कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो- जागो और मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिंदू सनातन समाज की परम्पराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनावों के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे। बिहार में चारा चोर लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव का कहना है कि जब देश का प्रधानमंत्री हिंदू.राष्ट्रपति हिंदू, सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल व सेना के तीनों प्रमुख हिंदू तो फिर सनातन को कैसा खतरा। यह वही तेजस्वी है जिनके पिता लालू यादव ने रामरथ यात्रा को रुकवाने के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज राम मंदिर भी बनकर खड़ा हो गया है और आडवाणी जी को भारत रत्न का सम्मान भी मिल चुका है। ये वही कांग्रेस है जिसके तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत शंकर दयाल शर्मा ने 6 दिसंबर 1992 की शाम को राष्ट्रपति भवन में आंसू बहाये थे और उन्हीं आसुओं की धार में सनातन समाज से बदला लेने के लिए अपनी तथाकथित संवैधानिक तानाशाही का अभूतपूर्व परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार सहित चार प्रान्तों की भाजपा सरकारों को को भंग कर दिया था । आज की कांग्रेस की नजर में उस समय संविधान सुरक्षित हो गया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डिजिटल मीडिया ने संचार को कैसे बदल दिया है

**विजय गर्ग**

**आज** इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया की अपार लोकप्रियता और व्यापकता के बीच हमारे लिए यह कल्पना करना कठिन है कि एक समय ऐसा भी रहा होगा जब प्रिंट मीडिया का आविष्कार हुआ होगा। प्रारंभिक सभ्यताएँ मौखिक संचार पर निर्भर थीं। यदि कोई समाचार बताना होता था तो वे उस बात को दूसरों तक फैलाने के लिए दौड़ते थे, जो अंततः ऐसा ही करते थे और अंततः समाचार को सभी तक फैलाते थे। उसके बाद लोगों ने चित्र के रूप में और अपरिष्कृत भाषाओं में समाचार लिखना शुरू कर दिया। जहां प्रतीकों का अर्थ शब्दों और अक्षरों से था। और फिर कागज और प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार के साथ प्रिंट मीडिया अस्तित्व में आया। और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रिंट मीडिया मुख्य रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से समाचार बताने का मुद्रित संस्करण है। प्रिंटिंग प्रेस के आने से पहले, मुद्रित सामग्री को हाथ से लिखना पड़ता था। यह काफी लंबी प्रक्रिया थी जिसने बड़े पैमाने पर वितरण को असंभव बना दिया था। कुछ वर्ष पहले तक प्रिंट मीडिया (समाचार पत्र, पत्रिकाएँ) समाचार और मनोरंजन का मुख्य स्रोत था। लेकिन अब डिजिटल मीडिया (वेबसाइट, ऐप्स, सोशल मीडिया) प्रिंट मीडिया को कड़ी टक्कर दे रहा है जिसके परिणामस्वरूप इन दोनों के महत्व पर बहस छिड़ गई है। प्रिंट मीडिया के लाभ 1. प्रिंट मीडिया अधिक भरोसेमंद है क्योंकि एक बार समाचार प्रकाशित होने के बाद उसे संशोधित या हटाया नहीं जा सकता है। लेकिन डिजिटल मीडिया में, हम सामग्री को संशोधित या हटा सकते हैं। समाचार पत्र और पत्रिका प्रकाशक समाचार या लेख प्रकाशित करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं। इसलिए प्रिंट मीडिया डिजिटल मीडिया की तुलना में अधिक भरोसेमंद है। 2. प्रिंट मीडिया को पढ़ने से बहुत समय बच सकता है क्योंकि सारी सामग्री एक समाचार पत्र या पत्रिका में संकलित होती है। 3. इन दिनों सभी अध्ययन और कार्यों में कई लोगों के लिए स्क्रीन टाइम शामिल है। इस स्थिति में प्रिंट मीडिया एक ब्रेक और राहत की तरह है। अब अधिक से अधिक लोग कुछ डिजिटल डिटॉक्स समय चाहते हैं।

# भारत में कार्बन खेती के अवसर

**रवि रंजन**

**कार्बन** सभी जीवित जीवों और कई खनिजों में पाया जाता है। यह पृथ्वी पर जीवन के लिए मौलिक है और प्रकाश संश्लेषण, श्वसन और कार्बन चक्र सहित विभिन्न प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेती भोजन, फाइबर, ईंधन या अन्य संसाधनों के लिए भूमि पर खेती करने, फसलें उगाने और/या पशुधन उगाने की प्रथा है। इसमें फसलों के रोपण और कटाई से लेकर पशुधन के प्रबंधन और कृषि बुनियादी ढांचे को बनाए रखने तक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।हाल के वर्षों में, कृषि क्षेत्र में कार्बन ट्रेडिंग का चलन दुनिया भर में महत्वपूर्ण हो गया है, लेकिन विशेष रूप से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा में, जहां स्वैच्छिक कार्बन बाजार उभरे हैं। शिकागो क्लाइमेट एक्सचेंज और ऑस्ट्रेलिया में कार्बन फार्मिंग इनिशिएटिव जैसी पहल कृषि में कार्बन शमन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करती हैं। केन्या की कृषि कार्बन परियोजना जैसी पहल, जिसे विश्व बैंक का समर्थन प्राप्त है, आर्थिक रूप से विकासशील देशों में जलवायु शमन और अनुकूलन और खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए कार्बन खेती की क्षमता को भी उजागर करती है। पेरिस में 2015 में उडढ21 जलवायु वार्ता के दौरान '4 प्रति 1000' पहल की शुरूआत ग्रीनहाउस-गैस उत्सर्जन को कम करने में सिंक की विशेष भूमिका पर प्रकाश डालती है। चूँकि महासागर और वायुमंडल कार्बन से भर गए हैं, और वे अपने संतृप्ति बिंदु के करीब पहुँच रहे हैं, हमें 390 बिलियन टन या इतनी ही समझदारी से शेष कार्बन बजट का प्रबंधन करना चाहिए। भारत में जमीनी स्तर की पहल और अग्रणी कृषि अनुसंधान कार्बन को अलग करने के लिए जैविक खेती की व्यवहार्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस संबंध में, भारत में कृषि-पारिस्थितिकी प्रथाओं से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ मिल सकता है, जिसमें लगभग 170 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि से 63 बिलियन डॉलर का मूल्य उत्पन्न होने की संभावना है। इस अनुमान में किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर जलवायु सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रति एकड़ लगभग 5,000-6,000 का वार्षिक भुगतान शामिल है।

# पानी के संकट से उबार सकते हैं बांज के जंगल



बांज के पेड़ों पर उगने वाली झुल नामक वनस्पति अनेक दवाओं, मसालों, प्राकृतिक रंग आदि बनाने में काम आती हैं

बांज के जंगलों में यूमस अधिक होता है जो पानी को अपने में संग्रहीत करने की क्षमता रखता हैं

जल संकट से जूझ रहे उत्तराखण्डवासियों को इस समस्या से निजात दिलाने में बांज के जंगल वरदान साबित हो रहे हैं।

**वरदान सिद्ध हो रहा है यह पेड़ :** एक समय था जब उत्तराखंड देश के अधिकांश हिस्सों को उत्तराखंड जल संकट से उबारता था लेकिन अब वही इस समस्या से जूझ रहा है। इस परेशानी से उबरने में बुजुगरे की दूरदृष्टि तथा अथक मेहनत काफी रंग ला रही है। बुजुगरे की वजह से वर्तमान पीढ़ी को उपहार में मिला बांज का जंगल अल्मोड़ा जिले के अनेक गांवों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है।

**जलस्त्रेत संकट मोचक बने:** समुद्र तल से लगभग छह हजार फुट की ऊंचाई पर बसे उत्तराखंड में अल्मोड़ा के ताकुला ब्लाक के ढौल गांव में बांज के जंगल से निकले जल स्रोतों के कारण इस गांव में पानी की कमी नहीं है बल्कि अपने से नीचे बसे गांवों तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए भी यही जलस्त्रेत संकट मोचक बने हैं।

**यहां के बुजुगरे को पहले से अनुभव था :** वैज्ञानिकों ने अपने शोधों से भले ही अब सिद्ध कर दिया है कि बांज (जिसका वैज्ञानिक नाम क्वारकस है) के पेड़ की आसपास की जमीन में पानी को संग्रहीत करने की उच्च क्षमता है, लेकिन ढौल गांव के बुजुगरे को अपने अनुभव से इस बात का अनुमान बहुत पहले हो गया था जिसमें उन्होंने बांज के पेड़ों को अपने बच्चों की तरह पालना शुरू कर दिया।

**इनमें अपार प्राकृतिक लाभ देने की क्षमता :** लगभग आठ से 10 वर्ग किलोमीटर में फैला बांज का यह जंगल करीब 150 वर्ष पुराना है। केवल लकड़ी की कटाई और लीसा आदि पर ही नजर रखने वाली संकीर्ण दृष्टि से बांज के जंगल व्यावसायिक दृष्टि से लाभप्रद नहीं नजर आते हैं, पर इनमें अपार प्राकृतिक लाभ देने की क्षमता है। बांज के पेड़ों के तने पर उगने वाली झुल नामक वनस्पति का प्रयोग अनेक दवाओं, मसालों, प्राकृतिक रंग आदि बनाने में किया जाता है।

**इसका वृक्ष छतरी की आकृति का होता है :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. डीके उप्रेती ने बताया कि बांज के जंगलों में यूमस अधिक होता है जो पानी को अपने में संग्रहीत करने की क्षमता रखता है। इसका वृक्ष छतरी की आकृति का होता है तथा इसकी पत्तियां खूब घनी व चौड़ी होने के साथ स्पंजी तथा हवा भरी होती हैं जो यूमस बनने में सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि यूमस की अधिकता के कारण बांज के पेड़ों से गिरने वाली पत्तियां अम्लीय न होने के कारण जल्दी गल जाती हैं जिससे आसपास की जमीन हवादार एवं सोखने के समान बन जाती हैं।

# वीडियो देखने में अधिक डाटा खर्च करते हैं किशोर



चार वर्षों में किशोरों द्वारा टीवी स्क्रीन पर वीडियो देखने में खर्च किया जाने वाला समय 50 फीसदी घटा हैं

वहीं इसके उलट, स्मार्टफोन पर वीडियो देखने में खर्च होने वाला समय 85 फीसद बढ़ा है

**एक** अध्ययन के मुताबिक, देश में स्मार्टफोन वीडियो देखने के लिए किशोर सबसे अधिक मोबाइल डाटा का उपयोग करते हैं।एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के नवीनतम संस्करण के मुताबिक, महज 15 महीनों (2014-15) में किशोरों के बीच स्मार्टफोन वीडियो देखने के लिए सेलुलर डाटा के उपयोग में 127 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अध्ययन में कहा गया है, ''चार वर्षों (2011-15) की अवधि में किशोरों द्वारा टीवी स्क्रीन पर वीडियो देखने में खर्च किया जाने वाला समय 50 फीसद घटा है। वहीं इसके उलट, स्मार्टफोन पर वीडियो देखने में खर्च होने वाला समय 85 फीसद बढ़ा है।' इस सर्वेक्षण में यह अनुमान भी लगाया गया है कि वर्ष 2018 तक कनेक्टड डिवाइस की श्रेणी में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के मोबाइल फोन से आगे निकल जाने की संभावना है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, परस्पर गणना करने वाले उपकरणों, मैकेनिकल व डिजिटल मशीनों की एक पण्राली है जिसमें मानव से मानव के बीच अथवा मानव से कंप्यूटर के बीच संवाद के बिना एक नेटवर्क पर डाटा स्थानांतरित करने की क्षमता होती है। अध्ययन के मुताबिक, 2021 तक कनेक्टड कुल 28 अरब उपकरणों में से करीब 16 अरब आईओटी उपकरण होंगे।

# कैंसर के इलाज में मददगार नया प्रोटीन

**एक** भारतीय मूल के वैज्ञानिक समेत अनुसंधानकर्ताओं ने एक ऐसा नया प्रोटीन डिजायन किया है जो कैंसर कारक कोशिकाओं को प्रभावी ढंग से खत्म कर सकता है और अन्य कई बीमारियों में भी प्रभावी है।

**प्रोएजियो नामक प्रोटीन :** मानव प्रोटीन से तैयार प्रोएजियो नामक यह प्रोटीन कोशिका सतह रिसेप्टर (प्रोटीन) ''इंटीग्रिन वी 3' पर एक खास जगह को निशाना बनाता है जबकि अन्य वैज्ञानिक ऐसा नहीं कर पाए हैं। अमेरिका के ''जार्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी' के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि प्रोएजियो उस कोशिका को व्यवस्थित ढंग से मार देता है जिसमें ''इंटीग्रिन वी 3' होते हैं।

**इंटीग्रिन युगल, वी 3, सामान्य उत्तक में उच्च स्तर पर प्रकट नहीं होता :** यह इंटीग्रिन दवा विकास के केंद्र में रहा हैं क्योंकि ''वी 3' के असामान्य रूप से प्रकट होने का कई रोगों के विकास से संबंध होता है। इस अध्ययन के मुख्य लेखक और जार्जिया स्टेट में प्रोफेसर झी रेन लिउ ने कहा, ''यह इंटीग्रिन युगल, वी 3, सामान्य उत्तक में उच्च स्तर पर प्रकट नहीं होता।' उन्होंने कहा, ''ज्यादातर मामलों में यह कई रोगजनक स्थितियों से संबद्ध होता है। अतएव, यह कई रोगों के इलाज में काफी कारगर होता है।'



# क्विलिंग से करिए जेवर डिजायन

**एक**-दूसरे में गूंथकर या चांदी के महीन कागज से पहनने योग्य आभूषण तैयार करने की कला अब यहां पर एक नई कार्यशाला में सीखी जा सकती है। सजावटी डिजायन तैयार करने के लिए रंगीन कागज के स्ट्रिप्स का इस्तेमाल लपेटने, आकार देने के लिए ग्लू के साथ किया जाता है।अपनी 13 वर्षीय बेटी से यह कला सीखने वाली आईटी पेशेवर और लेखिका माला गुप्ता ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में कागजेवर (पेपर जेवर) पर आज से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू किया। गुप्ता ने बताया, ''मैंने अपनी बेटी से इसे एक दूसरे से लपेटना सीखा। इसका मुझ पर चिंतनशील प्रभाव पड़ा और दिनभर इस काम को करने के बाद मैंने अपने तनाव में कमी पाई।' उन्होंने बताया कि कार्यशाला से प्रतिभागियों को फिर से अपनी रचनात्मकता खोजने में मदद मिलेगी क्योंकि वे अपने कागज से जेवर तैयार करेंगे।' उन्होंने बताया, ''पिछले साल से अपनी बेटियों के साथ कार्यशालाओं का आयोजन कर रही गुप्ता ने अद्वितीय डिजायनों में कागज आभूषण की एक विस्तृत श्रृंखला तैयार की है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

## हंसी के फूव्वारें

सेकेंड क्लास के डिब्बे में बहुत ज्यादा भीड़ थी. एक यात्री ने उसमें चढ़ने की कोशिश की . तभी अन्दर से किसी ने कहा-'इधर जगह नहीं है कोई दूसरा कम्पार्टमेंट देखिए !'

'अरे भई! मुझे तो सिर्फ खड़े रहने भर के लिए स्थान चाहिए.' बाहर वाले ने कहा.

'तो फिर प्लेटफार्म पर ही आराम से खड़े रहिए न. अन्दर आकर हमको क्यों तंग करते हो ?' अन्दर से तुरन्त आवाज आई.

□ □ □

सुरेश को गम्भीर सोच में डूबे देखकर उसके मित्र नरेश ने पूछा-'क्यों भई,इतनी गहराई से क्या सोच रहे हो ?'

'बेटे के कारण मैं बहुत परेशानी में हूँ . कुछ समझ में नहीं आता कि क्या करूँ ? मैं चाहता हूँ कि वह जज बने. बेटे की मां चाहती है कि वह प्रोफेसर बने और बेटा डाक्टर बनने की जिद किये बैठा है.'

'तुम्हारे लड़के की उम्र कितनी है?' नरेश ने जिज्ञासावश पूछा.

'चार साल !' सुरेश ने बताया.

इसपर नरेश ने अपना माथा पीट लिया.

□ □ □

शालिनी - मेरे पिताजी का साहित्य में गहरा योगदान है.

रीतू -क्या वे बहुत बड़े लेखक हैं?

शालिनी ने कहा- नहीं, वे किताबों की जिल्दसाजी करते हैं.

## काकुरो पहेली - 4048



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

15/24 → 1 2 3 4 5; ↑ 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4047 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 4048



**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली 4047



## सूडोकु -4048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4046 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली -4048



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली 4047 का हल



## न्यूज फ्लैश

### सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर दो महीने में हुई एक कुंटल खरीद

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी है। हालांकि इस बार क्रय केन्द्रों कटाई शुरू होने से पहले ही खुल गये थे। जब खरीद की बात आई तो ये केन्द्र फिसड्डी साबित हो रहे हैं। गेहू क्रय केंद्रों पर तेजी से खरीद बढ़ाने के निर्देश के बावजूद कम गेहूं खरीद करने वाले क्रय केंद्रों में एक क्रय केंद्र प्रभारी को निलंबित किया गया। क्रय केंद्र प्रभारी पीसीएफ मिठौली के केंद्र प्रभारी लाखन सिंह को निलंबित कर दिया गया है।
साथ ही न्यूनतम खरीद करने वाले 20 क्रय केंद्रों को नोटिस जारी करते हुए अगले तीन दिनों में गेहूं खरीद में वृद्धि हेतु अंतिम अवसर दिया गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले क्रय केंद्रों में एक एक केंद्र खाद्य विभाग और पीसीयू के है और शेष 18 केंद्र पीसीएफ के हैं। अब सर्वाधिक गेहूं खरीदने वाले केंद्र संचालक को प्रति सप्ताह 2500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि मिठौली केंद्र पर खरीद के दो महीने बीत जाने के बाद मात्र एक कुंटल की खरीद की गई है। जनपद को इस साल 9300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था। इसके लिए 89 सरकारी क्रय केन्द्र खोले गये हैं। लक्ष्य के सापेक्ष खरीद की रफ्तार बहुत धीमी है।

### यूपीसीडा के सीईओ ने किया साईट बी रिफाइनरी इंडस्ट्रियल क्षेत्र का दौरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने अपने विभागीय अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र मथुरा साईट बी रिफाइनरी इंडस्ट्रियल का भ्रमण किया। उद्यमी एवं उद्यमी संगठन द्वारा पेयजल की समस्या, भौतिक कब्जा न मिलने वाले भूखंडों के समय विस्तारण शुल्क, भूखंडों से होकर जा रही इंडियन ऑयल की पाइप लाइन, क्षेत्र में जगह जगह हो रहे अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण आदि विषयों को उठाया। उन संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये।
प्रदूषणकारी इकाई को चिन्हित कर कार्यवाही करने के एच.पी.सी.एल. टैंकर को व्यस्थित न खड़े होने पर सीज कराने तथा जिलाधिकारी मथुरा से मिलकर समस्या के समाधान कराये जाने के लिए निर्देश दिये गये तथा टैंकरों को सुचारू रूप से संचालन के लिए रोड मैप तैयार कराये जाने तथा रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को समस्त इकाईयों की परियोजना की डायरी तैयार कराने तथा पार्को की सौन्दर्यकरण को रख रखाव करने तथा हरे भरे पेड लगाने के निर्देश दिये गये। मथुरा साइट बी की रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पटका पहना कर एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य कार्यपालक अधिकारी का स्वागत किया। इस दौरान उद्योग उपायुक्त मथुरा रामेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा आगरा सीके मौर्य, वरिष्ठ प्रबन्धक सिविल यूपीसीडा आगरा श्यौदान सिंह, पीजीएम राजीव त्यागी यूपीसीडा कानपुर, धीरज कुमार प्रबंधक विद्युत यूपीसीडा गाजियाबाद। रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, संरक्षक राजेश गोयल,एवं अन्य पदाधिकारी तन्मय सिंघल, प्रदुमन सिंघल, दिलीप शुक्ला, विनय गोयल, प्रदीप पमनानी, भूषण पमनानी, प्रवेश सिंह, एवं हरिओम त्यागी इत्यादि सहित अनेक उद्यमीगण मौके पर उपस्थित रहे।

### मानवता की सच्ची सेवा सिखाती है रेड क्रॉस: डॉ अखिलेश यादव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा बलदेव में आयोजित रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने सर हेनरी डुनेंट के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वर्ष 2024 का रेड क्रॉस का थीम है गिव की जॉय और जॉय गिव रिवॉर्ड। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अखिलेश यादव ने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्यालय जिनेवा में है। मानवता, एकता स्वतंत्रता तटस्थता स्वैच्छिक सेवा सार्वभौमिकता निष्पक्षता आदि सात मौलिक सिद्धांत पर कार्य करती है।
स्कूली व महाविद्यालयी छात्राओं व छात्रों में सेवा भावना मानवता के साथ साथ विभिन्न जानकारी से युक्त बनाकर किसी भी आपदा में संघर्षरत रहने के लिए तैयार करना सबसे बड़ा उद्देश्य है साथी चुनौती भी है। इस अवसर पर अवधेश कुमार जनार्दन राजभर बृजेश कुमार, उपेंद्र, पुष्पेंद्र, अंकित, आकाश, अमन खुशी रंजन, तुलसी, डॉली, गुंजन आदि उपस्थित रहे।

# भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस पार्टी को चुनाव में हराना है : नड्डा

**सम्मेलन**

▶▶ भाजपा ने तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को इससे आजादी दिलाई है।



**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः** बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस पार्टी को चुनाव में हराना है।कांग्रेस ने भगवान राम मंदिर के निर्माण को लटकाने का प्रयास है।बल्कि रामसेतु के अस्तित्व को भी नकारा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि कांग्रेस विभिन्न जातियों को मिलने वाले आरक्षण के स्थान पर अब धर्म के आधार पर आरक्षण को लागू कर देश को धर्म के आधार पर बांटना चाहती है। जिससे विभिन्न जातियों के लोग आरक्षण की सुविधा से वंचित हो जाएंगे। कांग्रेस इस चुनाव में धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए देश में सर्वे करवाने की बातें कर रही है। तो दूसरी ओर टुकडे टुकडे गैंग का समर्थन कर राष्ट्र विरोधी कार्य करती है।
ऐसे में कांग्रेस को राष्ट्र विरोधी ही कहा जाएगा। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने 1951 से लेकर आज तक सता के लिए विचारों से कभी कोई समझौता नहीं किया। लेकिन कांग्रेस ने सत्ता की लालसा के लिए कभी लेफ्ट में गई तो कभी दूसरी ओर। भाजपा निरंतर आगे बढ़ती गई और आज दुनिया की नंबर वन पार्टी बन गई है। वह बुधवार को बिलासपुर के लुहणू मैदान में जिला भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक ओर जहां वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर में धारा 370 को समाप्त किया तो दूसरी ओर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा कर करोडों लोगों के सपने को साकार किया है। नड्डा ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को इससे आजादी दिलाई है।

## पैक्ड दूध, दही पर एक्सपायरी डेट देख कर ही खरीदें

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पैक्ड, दूध दही खरीदने से पहले पैकेट पर एक्सपायरी डेट जरूर देखें। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लोगों को इस ओर ध्यान देने और जागरूक रहने के लिए कहा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला अस्पताल एवं बाल शिशु ग्रह की किचन का औचक निरीक्षण खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक डॉ. गौरी शंकर तथा जिला प्रोविशनरी अधिकारी विकास चंद्र के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बाल शिशु ग्रह तथा किशोर सुधार ग्रह में दिखाए जा रहे भोजन तथा भोजन निर्माण में प्रयुक्त खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दौरान रसोई घर तथा स्टोर रूम में साफ सफाई समुचित पाई गई। गुणवत्ता की जांच के लिए



बेसन, अरहर दाल, गेहूं का आटा के नमूने संग्रहित किए गए तथा रसोइयों को खाना बनाते समय स्वच्छता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। टीम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय की कैंटीन तथा जिला चिकित्सालय मथुरा की कैंटीन का निरीक्षण किया गया गुणवत्ता की जांच के लिए मरीजों को खिलाने के लिए तैयार रोटी, गेहूं आटा एवं दाल के सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए।

## हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ की बैठक नरेन्द्र सिंह वन्याल की अध्यक्षता में आयोजित

**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुरः** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, बिझड़ी खण्ड इकाई की बैठक 8 मई, 2024 को खण्ड प्रधान नरेन्द्र सिंह वन्याल की अध्यक्षता में बिझड़ी, जिला हमीरपुर में आयोजित की गईए जिसका संचालन खण्ड महासचिव तोता राम जंजुआ द्वारा करते हुए उपस्थित सदस्यों को खण्ड इकाई में चल रही



गतिविधियों से अवगत करवाया गया व खण्ड बैठकों में पेंशनरों की उत्साहजनक उपस्थिति के लिए सभी का आभार जताया। बैठक में भाग लेने वालों में जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शम्भू राम जसवाल, खण्ड प्रधान नरेन्द्र वन्याल, संरक्षक परस राम ठाकुर, सुखदेव धीमान, रविदत्त शर्मा, जगन्नाथ धीमान, बाल कृष्ण जसवाल, अजीत सिंह चौधरी, रत्न चांगरा आदि प्रमुख रहे। पेंशनरों की लम्बित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पेंशन संशोधन की वकाया राशि की दूसरी किस्त का भुगतान मिलने पर सरकार का धन्यवाद किया गया व आग्रह किया गया कि पेंशनरों को मिलने वाले सभी देय आर्थिक लाभ मुख्यतः पहली जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमैंट, कम्युनिकेशन की संशोधित वकाया राशि का भुगतान भी एकमुश्त दिए जाएं।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, तीन दबोचे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना हाईवे क्षेत्र से पूर्व में चोरी हुई मोटर साइकिल को बरामद किया है। चोरी की मोटरसाइकिल को तीन शातिर चोरों के कब्जे बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक अभियुक्त अखिलेश यादव पुत्र चेतराम यादव निवासी काव्यान्जली कालोनी भरतपुर रोड थाना हाईवे, अमित पुत्र प्रताप सिंह निवासी काव्यांजली कालोनी फेज दो भरतपुर रोड थाना हाईवे, कृष्णा सिंह पुत्र ऊधम सिंह निवासी एटीवी के पीछे रामकृष्ण विहार कालोनी थाना हाईवे को पन्नापोखर पुलिस चौकी अंतर्गत नगला मेवाती के पास रेलवे अंडरपास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से थाना हाईवे क्षेत्र से पूर्व में चोरी की गयी एक मोटर साइकिल व दो नाजायज चाकू बरामद हुए।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाढू में मतदान जागरूकता शिविर आयोजित

**सुभाग सचदेवा**
**गोहरः** मां भी पाणा वोट के तहत आयोजित कार्यशाला में नाचन विधानसभा के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाढू में मतदाताओं को जागरूकता कार्यक्रम द्वारा छात्रों को मतदान का महत्व समझाया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाषण में मीनाक्षी, कविता में अर्चना, नारा लेखन में कुमकुम ठाकुर, पोस्टर मेकिंग में रितिका ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे।
इसके पश्चात बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक




मंड्याली में गीत गया और एक नाटी का आयोजन भी किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों के माध्यम से अपने संबोधन में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बच्चो को बोला गया कि 1 जून, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन, बच्चे अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में नाचन विधानसभा में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

## भाजपा देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण फैलाने का प्रयास कर रही है: कुलदीप राठौर

**प्रेसवार्ता**

▶▶ देश में दूसरे व तीसरे चरण के मतदान के बाद एनडीए खेमे में निराशा का माहौल है।

**विजय समयाल**
धर्मशालाः
देश में दूसरे व तीसरे चरण के मतदान के बाद एनडीए खेमे में निराशा का माहौल है। जो सूचनाएं भाजपा को खुफिया तंत्र से मिल रही थी, वे अनुकूल नहीं हे। यह बात आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर ने बुधवार को




धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास राम मंदिर के अलावा कोई मुद्दा नहीं है।
इस बार के चुनाव में मुद्दों पर बात नहीं की जा रही, जबकि बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार बड़े मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर मोदी की गारंटी का हवाला दिया जा रहा है, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार की वर्ष 2014 और 2019 में दी गई गारंटियां पूरी नहीं हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश में कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में खुशियों मनाई जाएंगी, ऐसा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कोई प्रधानमंत्री पाकिस्तान नहीं गया था, जबकि पीएम नरेंद्र मोदी बिना बुलाए पाकिस्तान में बिरयानी खाने चले गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, देश में लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछले दरवाजे से सत्ता हथियाने का प्रयास कर रही है तथा एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कुलदीप राठौर ने कहा कि भाजपा देश को कांग्रेस मुक्त तो नहीं कर पाई, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस नेता, भाजपा में शामिल हो रहे हैं, उससे भाजपा एक दिन कांग्रेसयुक्त जरूर हो जाएगी।

## भारत और 5 देशों के 140 माउंटेन बाइकर्स देश की सबसे बड़ी एमटीबी रेस के लिए शिमला में एकत्रित हुए



**चमन शर्मा**
**शिमलाः** हस्तापा के आयोजक आशीष सूद ने कहा कि फ ायरफ ॉक्स एमटीबी शिमला का 11वां संस्करण शिमला की पहाडि?ों से शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष के फ ायरफ ॉक्स एमटीबी शिमला को जो चीज अलग करती है, वह न केवल नया पहाड़ी, टेढ़ा-मेढ़ा और साहसिक ट्रैक है, बल्कि असंख्य उत्साही लोगों की भागीदारी भी है। राइडर्स जो संपूर्ण मुख्यधारा के दर्शकों के लिए आदर्श हैं। दौड़ दो दिनों में आयोजित की जाएगी और 130 ?? की सवारी होगी। जीप सडकों, सिंगल ट्रैक और जंगल की चढ़ाई के दौरान सवार 3000 ऊर्ध्वाधर मीटर की चढ़ाई करेंगे। इस वर्ष की दौड़ की मुख्य विशेषताएं फ ायरफ ॉक्स रोड टू हिमालय, भारत की सबसे बड़ी साइक्लिंग टैलेंट हंट-11 दौड़ पूरे भारत के 11 शहरों (जयपुर, गुडगांव, हलद्वानी, चेन्नई, त्रिशूर, गुवाहाटी, ईटानगर, श्रीनगर, पुणे, मैसूरु) में आयोजित की गई थी
एक पूरी तरह से नया मार्ग और प्रारूपरू दौड़ क्रॉस कंट्री मैराथन और क्रॉस कंट्री ओलंपिक शैली में आयोजित की जाएगी और अज्ञात इलाकों से होकर गुजरेगी। यह दौड़ कुफरी वन्यजीवन के जंगली रास्तों से होकर गुजरेगी। अभयारण्य और जनेड़घाट वन्यजीव अभयारण्य और मशोबरा के जंगल। अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी।

## नगर निगम ने अतिक्रमण करने वालों को दी चेतावनी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**
नगर निगम द्वारा सभी जोन में नियमित अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी के नेतृत्व में नगर निगम टीम द्वारा होली गेट से डीग गेट तक अतिक्रमण विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानों के सामने सड़क पर अतिक्रमण कर रखे हुए सामान को जब्त किया गया तथा पांच हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। सहायक नगर आयुक्त द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया कि उनके निर्देशन में अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जायेगा भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो कड़ी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूल किया जाएगा। अभियान के दौरान नगर निगम टास्क फोर्स से राजेश सूबेदार, पदम सिंह, सुन्दर, दीपक शर्मा आदि नगर निगम टीम उपस्थित रही।

## सीएम ने कांग्रेस की हार को स्वीकार कर लिया है :बिंदल

**चमन शर्मा**
**शिमलाः**भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अपने बयान के माध्यम से कांग्रेस की हार को स्वीकार कर लिया है। उनका यह कथन कि यदि सारे उपचुनाव भी भाजपा जीतती है तो भी कांग्रेस की सरकार स्थिर है। यह कांग्रेस की हार को स्पष्ट दशार्ता है। डेढ़ वर्ष की कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के अंदर जो राजनैतिक मारामारी चल रही है। वह मारामारी अब मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई है और मुख्यमंत्री का कार्यालय कुश्ती का अखाड़ा बन गया है।




आज तक के सचिवालय के इतिहास में किसी मुख्यमंत्री का कार्यालय खुलेआम घसुन-मुक्का

**चुनाव**

▶▶डेढ़ वर्ष की कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के अंदर जो राजनैतिक मारामारी चल रही है।

का दर्शक नहीं बनाए जो आज सुखविन्द्र का कार्यालय बना है। यह स्थिति फि र इस बात को साबित करती है कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा और सभी विधानसभाओं के उपचुनाव हारने वाली है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार पिछले एक महीने से जोरों पर है परन्तु कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की प्रदेश सरकार यह नहीं बता पाई कि हिमाचल की जनता के हित में अभी तक क्या किया और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय घोषणा पत्र में अल्पसख्यंक तुष्टीकरण व एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण कम करके अल्पसंख्यकों को देने की योजना कांग्रेस की है। इस अल्पसंख्यक आरक्षण को कांग्रेस शासित राज्यों ने लागू किया है और भाजपा का यह आरोप है कि हिमाचल प्रदेश भी इस एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को कम करके अल्पसंख्यक आरक्षण लगाने की तैयारी कर रहा है।

## राजस्थान के 14 श्रद्धालु रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद हुए बीमार

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजस्थान से आए श्रद्धालु दूषित खाद्य पदार्थ खाने से फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। श्रद्धालुओं को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। जिसके बाद उन्हें वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी श्रद्धालुओं की हालत खतरे से बाहर है। राजस्थान के चूरू और सीकर से श्रद्धालुओं का एक दल मथुरा वृंदावन घूमने आया था। करीब डेढ़ सौ लोगों के इस दल के सदस्य मथुरा के थाना गोविंद नगर इलाके की बिरला मंदिर के समीप बिरला धर्मशाला में रुके। जहां इनकी तबीयत सोमवार की देर रात खराब हो गई। बिरला धर्मशाला में रुके श्रद्धालुओं में से 25 लोगों



ने मंगलवार की रात को पास ही स्थित एक रेस्टोरेंट पर खाना खाया। जिसमें उन्होंने पनीर की सब्जी भी खाई। यह श्रद्धालु खाना खा कर धर्मशाला पहुंचे। जहां देर रात इनकी तबीयत खराब होना शुरू हो गई। वही श्रद्धालुओं को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत हुई। रात को स्थानीय स्तर पर दवा ली, लेकिन जब मंगलवार की सुबह तक कोई फायदा नहीं हुआ तो इनमें से 13 महिलाओं सहित 14 श्रद्धालुओं को इलाज के लिए वृंदावन स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। जहां इन सभी को भर्ती कर लिया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय में लाए गए श्रद्धालुओं में 60 वर्षीय बेतासी, 45 वर्षीय ओम कुमार, 50 वर्षीय मंजू देवी, 60 वर्षीय सरला देवी, 37 वर्षीय सरोज ठाकुर, 75 वर्षीय सूर्या, 70 वर्षीय सविता, 80 वर्षीय भानु, 65 वर्षीय आनंदी, 50 वर्षीय गीता और 50 वर्षीय बाल कुमारी हैं। इन सभी को अस्पताल में भर्ती करा लिया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय लाए गए श्रद्धालुओं का डॉक्टरों ने इलाज किया। अस्पताल के चिकित्सक शशि रंजन ने बताया कि इन सभी ने पनीर खाया था। जिसके बाद सभी की तबीयत खराब हो गई। फिलहाल किसी की हालत गंभीर नहीं है।

**खाद्य विभाग की टीम पहुंची धर्मशाला**
बिरला मंदिर धर्मशाला में फूड प्वाइजन की शिकायत मिलने और लोगों के बीमार होने की सूचना पर खाद्य विभाग की टीम धर्मशाला पहुंची। वहां तैयार खिचड़ी तथा जलेबी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है।

## डीसी कार्यालय शिमला पर जोरदार प्रदर्शन किया

**चमन शर्मा**
**शिमलाः** सीटू जिला कमेटी शिमला ने मजदूरों को मिलने वाली ईएसआई सुविधा के मुद्दे पर डीसी कार्यालय शिमला पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विजेंद्र मेहरा, बालक राम, हिमी देवी, दलीप सिंह, प्रताप चौहान, पूर्ण चंद, कपिल नेगी, रंजीव कुठियाला, प्रकाश, प्रेम, देश राज, विवेक कश्यप, सतपाल बिरसांटा, सन्त राम, कमलेश, बलवंत, राज कुमार, तुलसी राम, बिट्टू सिंह आदि शामिल रहे। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व जिला कोषाध्यक्ष बालक




राम ने चेताया है कि अगर ईएसआई डिस्पेंसरी शिमला में तुरन्त डॉक्टर व स्टाफ की भर्ती न की गयी तो स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय कसुम्पटी के अन्दर सीटू के नेतृत्व में मजदूर प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने ईएसआई कॉर्पोरेशन व हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग पर मजदूरों की अनदेखी का आरोप लगाया है तथा इन्हें सफेद हाथी व काठ की बिल्ली करार दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में ईएसआई डिस्पेंसरी में पिछले कई महीनों से डॉक्टर की व्यवस्था नहीं है।

## गूगल का डूडल, फिर वोटर फिंगर के जरिए लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

**नई दिल्ली।** देश में आम चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए ग्यारह राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हो गई है। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने आज फिर मतदाताओं को वोटर फिंगर डूडल के जरिए वोटिंग के लिए फिर प्रेरित किया है। गूगल के इस डूडल में वोट देने के बाद हाथ की तर्जनी उंगली पर



लगने वाली स्याही को दिखाया है। गूगल ने मतदाताओं को एक बार फिर वोटर फिंगर वाला डूडल समर्पित किया है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव के समय पर भी गूगल ने भारत में हो रहे मतदान को दिखाते हुए वोटिंग साइन के साथ डूडल बनाया था।

## शीर्ष भारतीय शहरों में हाई स्ट्रीट स्टोर्स में हैदराबाद तीसरे स्थान पर

**हैदराबाद।** नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद हाई स्ट्रीट रिटेल के लिए भारत के शीर्ष शहरों में से एक है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और बेंगलुरु से काफी पीछे है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शीर्ष आठ शहरों में स्थित 82 प्रतिशत स्टोरों में से 15 प्रतिशत स्टोर हैदराबाद में हैं। रिपोर्ट में हैदराबाद भर में फैली पांच प्रमुख ऊंची सड़कों की पहचान की गई है, जो इसके खुदरा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। ये ऊंची सड़कें अमीरपेट, बंजारा हिल्स, गाचीबोवली, जुबली हिल्स और सोमाजीगुडा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थित हैं, जिनमें से प्रत्येक निवासियों और आगंतुकों को समान रूप से खरीदारी का एक अनूठा अनुभव प्रदान करती है। नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा किए गए प्राथमिक खुदरा स्टोर सर्वेक्षण के अनुसार, 2023 तक, हैदराबाद में कुल शॉपिंग सेंटर स्टॉक 0.6 मिलियन वर्ग मीटर (6.7 मिलियन वर्ग फीट) है। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट भूत स्टॉक को छोड़कर, हैदराबाद में शॉपिंग सेंटर रिक्ति दरों पर प्रकाश डालती है। 2022 में, रिक्ति दर 22.2 प्रतिशत थी, जो खुदरा स्थान की पर्याप्त उपलब्धता का संकेत देती है। हालाँकि, भूत स्टॉक को बाहर करने के बाद, रिक्ति दर काफी कम होकर 6.6 प्रतिशत हो जाती है, जो एक सख्त खुदरा बाजार को दर्शाता है। यह सकारात्मक प्रवृत्ति 2023 में भी जारी रही, रिक्ति दर और कम होकर 17.4 प्रतिशत हो गई, जो शहर भर के शॉपिंग सेंटरों में बढ़ती मांग और अधिभोग को दर्शाता है।

## निट को सीड फ़ंडिंग में 1 डॉलर मिलियन मिले

**नई दिल्ली।** (सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस) स्टार्टअप निट ने कहा कि उसने एंडिया पार्टनर्स, एक्सिलर वेंचर्स और एंजेल निवेशकों से 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 8.3 करोड़) की फंडिंग हासिल की है।कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस फंड का इस्तेमाल उत्पाद क्षमताओं को बढ़ाने और एकीकरण प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने के लिए जेनरेटिव एआई प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के लिए किया जाएगा।निट ने कहा कि वह %मेक इन इंडिया एंड सेल ग्लोबली% आदर्श वाक्य के तहत अमेरिकी बाजार और उससे आगे अपने ग्राहक आधार को बढ़ाने के लिए भी पूंजी का उपयोग करेगी।डी2सी एग्रीगेटर सेलेक्ट ब्रांड्स ने मंगलवार को कहा कि उसने आगरा ग्वालियर पाथवेज़ और ऐरेन होल्डिंग्स के नेतृत्व में प्री-सीरीज़ ए फंडिंग राउंड में 6.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं।अन्य निवेशकों में JITO इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (JIIF), वी फाउंडर सर्कल, प्रताप स्नैक्स, एप्रीकॉट फूड्स, वर्की और IVY लीग वेंचर्स शामिल हैं।इंदौर स्थित स्टार्टअप ने कहा कि वह फंडिंग का उपयोग परिचालन का विस्तार करने, नए क्षेत्रों का पता लगाने और श्रेणी विस्तार के माध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए करेगा।

## कमोडिटी वॉच:अधिक मांग के कारण तांबे के वायदा भाव में तेजी आई

**नई दिल्ली।** ऊंची हाजिर मांग के कारण वायदा बाजार में तांबे की कीमत 1.18 प्रतिशत बढ़कर 865.35 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, मई में डिलीवरी वाले तांबे के अनुबंध की कीमत 10.05 रुपये या




1.18 प्रतिशत बढ़कर 865.35 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जिसमें 6,714 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने तांबे की कीमतों में वृद्धि का श्रेय प्रतिभागियों द्वारा दांव बढ़ाने को दिया। हाजिर बाजार में कमजोर रुख के कारण प्रतिभागियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे वायदा बाजार में एल्युमीनियम की कीमतें सोमवार को 0.26 प्रतिशत गिरकर 232.70 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, मई डिलीवरी वाले एल्युमीनियम की कीमत 60 पैसे या 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 232.70 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जिसमें 4,149 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि उपभोक्ता उद्योगों की ओर से मांग कम होने के कारण प्रतिभागियों द्वारा अपने पदों में कटौती करने से मुख्य रूप से एल्युमीनियम की कीमतें कम रहीं।

# सैनस्टार लिमिटेड को आईपीओ लाने के लिए सेबी से मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट और सामग्री समाधान कंपनी सैनस्टार लिमिटेड जल्द ही घरेलू शेयर बाजार में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएगी। कंपनी को इसके लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

सैनस्टार ने बताया कि सेबी ने शेयर बाजार में आईपीओ पेश करने के लिए 30 अप्रैल को मंजूरी दी है। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में एक जनवरी, 2024 को आईपीओ से संबंधित दस्तावेज ड्राफ्ट रेड हेरिंग




प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बजार नियामक सेबी के सामने पेश किया था।

सैनस्टार पलांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट और सामग्री समाधान बनाने वाली अहमदाबाद की कंपनी है। यह कंपनी भारत में खाद्य, पशु पोषण और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए प्लांड बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स एशिया, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया, और मध्य पूर्व अफ्रीका समेत 45 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जाता है। महाराष्ट्र के धुले और गुजरात के कच्छ में स्थित अपनी दो विनिर्माण सुविधाओं के माध्यम से सैनस्टार की स्थापित क्षमता 1,100 टन प्रतिदिन है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मुल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई




में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.25 डॉलर यानी 0.30 फीसदी की उछाल के साथ 83.58 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की बढ़त के साथ 78.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन और एथेरियम में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 5 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ रेड जोन में बनी हुई हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64,028..42 डॉलर यानी 53.46 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,096.50 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा डॉगकॉइन 2.48 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.93 प्रतिशत और कार्डानो 2.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी



0.79 प्रतिशत, सोलाना 1.62 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत और एक्सआरपी 0.52 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.57 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.36 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 197.05 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 7,144 करोड़ डॉलर यानी 5.97 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 19.81 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें, तो कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.21 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 53.41 प्रतिशत हो गई है।

# शेयर बाजार में गिरावट, मजबूत शुरुआत के बाद सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी दिन मुनाफावसूली का दबाव बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। फार्मास्युटिकल, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, रियल्टी, ऑयल एंड गैस, मेटल, पावर और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाल हावी रहे, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 398.44 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 403.39 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह



निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.95 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,932 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,094 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,730 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 108 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,246 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 482 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,764 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान में और 35 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 77.76 अंक की बढ़त के साथ 73,973.30 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ये सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से उछल कर 74,026.80 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दिन के पहले सत्र में ही ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 750 अंक से भी अधिक टूट कर 636.28 अंक की कमजोरी के साथ 73,259.26 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 383.69 अंक की गिरावट के साथ 73,511.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.05 अंक की तेजी के साथ 22,489.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 56.35 अंक की मजबूती के साथ 22,499.05 अंक तक पहुंचा। इसके बाद मंदड़ियों का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले ही ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 260 अंक से अधिक लुढ़क कर 210.65 अंक की कमजोरी के साथ 22,232.05 अंक के स्तर तक गिर गया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 70 अंक की रिकवरी करके 140.20 अंक की गिरावट के साथ 22,302.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान युनिलीवर 5.46 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.39 प्रतिशत, ब्रिटानिया 2.22 प्रतिशत, नेस्ले 2.09 प्रतिशत और टीसीएस 1.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, बजाज ऑटो 4.14 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.78 प्रतिशत, ओएनजीसी 3.03 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 3 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ रुपये का देहरादून राज्य कर विभाग से जीएसटी नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देहरादून राज्य कर विभाग ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) को अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने सहित 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस दिया है। आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा कि बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

## पंजाब नेशनल बैंक पिछले तीन साल से निष्क्रिय खातों को करेगा बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने पिछले तीन साल से निष्क्रिय बचत खातों को बंद करने का फैसला लिया है। बैंक ने यह फैसला खातों को दुरुपयोग से बचाने के लिए लिया है, जिसकी 30 अप्रैल, 2024 गणना की जाएगी।

दरअसल, पंजाब नेशनल बैंक के हजारों खातों में पिछले 3 वर्षों से ग्राहक की ओर से कोई परिचालन नहीं किया जा रहा है तथा इन अकाउंट में कोई बैलेंस नहीं है। बैंक ने कहा कि पिछले तीन साल से 30 अप्रैल तक परिचालन न किये जाने वाले खाते एक माह के बाद बिना किसी अन्य सूचना के बंद कर दिए जाएंगे।

बैंक ने कहा है कि आयकर विभाग, कोर्ट के आदेश, वैधानिक प्राधिकरण, डीमैट खाते से जुड़े, सक्रिय स्थायी निर्देश वाले लॉकर, 25 साल से कम उम्र के छात्रों के खाते, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई या एसएसवाई जैसी अन्य सरकारी योजनाओं के लिए खुलाए गए खाते फ्रीज किये गए खातों को बंद नहीं किया जाएगा। बैंक ने किसी भी समस्या और समाधान के लिए अपनी शाखा से संपर्क करने को कहा है।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी की कीमत में बढ़त जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में आज 200 रुपये से 250 रुपये तक का उछाल दर्ज किया गया है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 72,060 रुपये से 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये से 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 84,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,060 रुपये प्रति



10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## खनन सूचकांक तैयार करने के लिए केंद्र राज्यों के साथ बैठक करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान - इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईआईटी-आईएसएम), धनबाद के सहयोग से खान मंत्रालय राज्य खनन सूचकांक के मसौदा ढांचे पर चर्चा करने के लिए बुधवार को यहां एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। राज्यों के खनन क्षेत्र के प्रदर्शन पर नज़र डालें। खान मंत्रालय के सचिव वी.एल. कांथा राव कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यशाला में राज्यों से मिले फीडबैक से रूपरेखा को अंतिम रूप देने में मदद मिलेगी। खनन क्षेत्र कई मूल्य श्रृंखलाओं में सबसे आगे है, जो स्टील, अलौह धातु, सीमेंट, उर्वरक, रसायन और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख औद्योगिक डोमेन को कच्चे माल की आपूर्ति करता है। देश के खनन क्षेत्र के विकास में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खनन क्षेत्र के दृष्टिकोण के लिए जो समानता, स्थिरता और जिम्मेदारी के साथ संसाधन उपयोग दक्षता को प्राथमिकता देता है, भारत के भूगोल की खोज पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है; बयान में कहा गया है कि भविष्य में खनिज उत्पादन को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्रवाई करना और खनन से संबंधित कार्यों से प्रभावित व्यक्तियों और क्षेत्रों के हित और लाभ के लिए काम करना। खनन क्षेत्र के प्रदर्शन के साथ-साथ खनन गतिविधि में राज्यों की भविष्य की तैयारी को पकड़ने के लिए एक राज्य खनन सूचकांक की परिकल्पना की गई है। सूचकांक का दायरा गैर-ईंधन प्रमुख खनिज और लघु खनिज होगा। बयान में कहा गया है कि खान मंत्रालय ने ढांचे को डिजाइन करने, डेटा एकत्र करने और सूचकांक तैयार करने के लिए एक अध्ययन करने के लिए आईआईटी-आईएसएम, धनबाद को नियुक्त किया है।

## सरकार ने मॉरीशस को 14 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच केंद्र सरकार ने मॉरीशस को 14 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दे दी है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि मॉरीशस को 14 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है।

डीजीएफटी ने कहा कि मॉरीशस को यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से की जाएगी। इससे पहले भारत सरकार ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। उल्लेखनीय है कि



केंद्र सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन, सरकार कुछ देशों को उनके अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है।

# देश में अप्रैल के अंत तक लगभग 314 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में अप्रैल के अंत तक लगभग 314 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। कर्नाटक और तमिलनाडु में 5-6 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन के साथ अंतिम शुद्ध चीनी उत्पादन 320 लाख टन के करीब होने का अनुमान है। वहीं, चालू विपणन वर्ष में 20 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया गया है। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल



एसोसिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में अप्रैल के अंत तक चीनी का उत्पादन लगभग 314 लाख टन तक पहुंच गया है। इस्मा को कर्नाटक और तमिलनाडु में चीनी मिलों से 5-6 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की उम्मीद के साथ चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अंतिम शुद्ध चीनी का उत्पादन 320 लाख टन के करीब होने का अनुमान है। इस्मा ने केंद्र सरकार से सितंबर में समाप्त होने वाले चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 20 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है। इस्मा ने कहा कि अधिशेष चीनी की खेप का निर्यात करने से चीनी मिलों की नकदी की स्थिति में सुधार होगा, जिससे वे समय पर किसानों को गन्ना कीमत का भुगतान कर सकेंगी। सरकार ने चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी के निर्यात की अनुमति नहीं दी है।

## यूक्रेन ने की जेलेंस्की और उच्च पदस्थ यूक्रेनी अधिकारियों की हत्या की रूस की साजिश नाकाम

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य उच्च पदस्थ यूक्रेनी अधिकारियों की हत्या की रूस की साजिश को नाकाम कर दिया है।

यूक्रेन की सरकारी सुरक्षा एजेंसी यूक्रेनी सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने बताया कि इस मामले में यूक्रेनी सरकारी सुरक्षा इकाई के दो कर्नलों को गिरफ्तार किया गया है। वे रूसी राष्ट्र सुरक्षा सेवा (एफएसबी) से संबंधित एजेंटों के नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी ने बताया कि ये कर्नल कथित तौर पर श्री जेलेंस्की के अपहरण और हत्या के लिए उनके अंगरक्षकों के बीच इच्छुक 'हत्यारों' की तलाश कर रहे थे।

## चीन, फ्रांस ने लाल सागर में जहाजों पर हमले बंद करने का किया आह्वान

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन और फ्रांस ने लाल सागर और अदन की खाड़ी में नागरिक जहाजों पर हमलों को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान में इस आशय का आह्वान किया।

## अमेरिका ने इजराइल को निर्देशित बमों की बिक्री स्थगित की

**वाशिंगटन।** गाजा पट्टी को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने इजरायल को सटीक मार करने वाले दिशा-निर्देशित विशेष बमों (जेडीएएम) की बिक्री पर रोक दी है।अमेरिका इजरायल को ऐसे 6,500 बम बेचने वाला था।

## कोरिया ने की पहले वाणिज्यिक परमाणु रिएक्टर को बंद करने की पहल

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने देश के पहले वाणिज्यिक परमाणु रिएक्टर, कोरी-1 को बंद करने से पहले परिशोधन प्रक्रिया शुरू कर दी है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के कोरिया हाइड्रो एंड न्यूक्लियर पावर (केएचएनपी) का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। समाचार एजेंसी ने लिखा है कि रासायनिक परिशोधन रिएक्टर को बंद करने का पहला कदम है और कहा कि केएचएनपी को रिएक्टर को पूरी तरह से बंद करने के लिए परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा आयोग की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

## तुर्की में 23 पूर्व, वर्तमान सैन्य कर्मियों के लिये गिरफ्तारी वारंट जारी

**इंस्ताबुल।** तुर्की में 23 पूर्व और वर्तमान सैन्य कर्मियों के लिये गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

सरकार को संदेह है कि सैन्य कर्मी 2016 में तख्तापलट की कोशिश करने के आरोपी नेटवर्क से जुड़े थे।

## तुर्की में मादक पदार्थ के 363 संदिग्ध निर्माता और कारोबारी हिरासत में

**अंकारा।** तुर्की पुलिस ने देश भर में मादक पदार्थ के कारोबारियों के खिलाफ व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया है और 363 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने यह जानकारी दी।

## यमन के एसटीसी प्रमुख ने की भारत के साथ मजबूत संबंधों की सराहना

अदन 07 मई (वार्ता) यमन के सदर्न ट्रांजिशनल कौंसिल (एसटीसी) अध्यक्ष और प्रेसीडेंट लीडरशिप कौंसिल (पीएलसी) के उपाध्यक्ष ऐदारौस कासिम अल जुबैदी ने भारत के साथ मौजूदा दोस्ताना और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की है। श्री अल जुबैदी ने सोमवार को भारतीय दूतावास में कर्नल गुरतेज सिंह ग्रेवाल से मुलाकात के की।

## फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने गाजा युद्ध समाप्ति समझौते पर मिस्त्र, कतर के प्रयासों की सराहना

**रामल्ला।** फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्ति समझौते में मध्यस्थता के लिए मिस्त्र और कतर के प्रयासों का स्वागत किया। फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी (डब्ल्यूएएफए) के अनुसार, श्री अब्बास ने 'युद्धविराम और गाजा पट्टी से पूर्ण वापसी' के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता के लिए आशा व्यक्त की। श्री अब्बास ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह इजरायल पर युद्ध समाप्त करने और साथ ही फिलीस्तीनी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को अपने कब्जे से मुक्त करने पर जोर दें। इससे पहले, हमास ने घोषणा की कि उसने मिस्त्र और कतर में मध्यस्थों को गाजा पट्टी के लिए युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी देने के बारे में जानकारी दे दी है।

# पुतिन ने पांचवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली, पश्चिम के साथ बातचीत के लिए तैयार

एजेंसी

**मॉस्को।** रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने क्रेमलिन में एक भव्य समारोह में पांचवीं बार राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष के कारण कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका देश और भी मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मॉस्को पश्चिम के साथ बातचीत के लिए तैयार है।

श्री पुतिन का नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल 2030 तक है। श्री पुतिन ने फेडरेशन काउंसिल के सदस्यों, राज्य ड्यूमा के सदस्यों और रूसी संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों की उपस्थिति में रूस के लोगों को शपथ दिलाई। संवैधानिक न्यायालय के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वालेरी ज़ोर्किन ने आधिकारिक तौर पर व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ का नया राष्ट्रपति घोषित किया।

बाद में, रूस के राष्ट्रपति और रूसी सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर-इन-चीफ व्लादिमीर पुतिन ने अपने उद्घाटन के अवसर पर कैथेड्रल स्क्वायर पर राष्ट्रपति रेजिमेंट की समीक्षा की। राष्ट्रपति ने प्रेसिडेंशियल रेजिमेंट को उसकी



88वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। मॉस्को और ऑल रशिया के पैट्रिआर्क किरिल ने क्रेमलिन में एनाउंसमेंट कैथेड्रल में धन्यवाद सभा आयोजित की। रूस के राष्ट्रपति के रूप में उद्घाटन समारोह में अपने भाषण में श्री पुतिन ने रूस के लोगों को मुझ पर दिखाए गए विश्वास और आपके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। ये शब्द रूस के प्रत्येक नागरिक के लिए हैं। उन्होंने यूक्रेन और रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के संदर्भ में कहा आप, रूस के नागरिकों ने पुष्टि की है कि देश सही रास्ते पर है। यह अभी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मैं इसे हमारे साझा ऐतिहासिक लक्ष्यों के प्रति आपकी गहरी जागरूकता और हमारी पसंद, हमारे मूल्यों, हमारी स्वतंत्रता और रूस के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के अटूट संकल्प के रूप में देखता हूं। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि हम इस कठिन निर्णायक दौर से गरिमा के साथ गुजरेंगे और और भी मजबूत होकर उभरेंगे। हम निस्संदेह वह सब कुछ पूरा करेंगे जो हमारे विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से सभी दूरगामी परियोजनाएं हमने लंबी अवधि के लिए योजना बनाई है। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों और सदियों पुरानी परंपराओं पर जोर दिया और कहा कि ये सार्वजनिक और धार्मिक संघों, राजनीतिक दलों और सरकार के सभी स्तरों को एकजुट करना जारी रखेंगे।

उन्होंने विदेशी संबंधों पर कहा कि मॉस्को उन सभी देशों के साथ अच्छे संबंधों को मजबूत करने के लिए खुला है और रहेगा जो रूस को एक विश्वसनीय और ईमानदार भागीदार के रूप में देखते हैं।

श्री पुतिन ने पश्चिम के साथ बातचीत पर कहा- हम पश्चिमी राज्यों के साथ बातचीत को अस्वीकार नहीं कर रहे हैं। चुनाव उनका है- क्या वे रूस के विकास को रोकने की कोशिश जारी रखना चाहते हैं, आक्रामकता की नीति जारी रखना चाहते हैं, जो वर्षों से वे हमारे देश पर लगातार दबाव डाल रहे हैं या सहयोग और शांति का रास्ता तलाशना चाहते हैं।

## गोपनीय दस्तावेज मामले में ट्रंप के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही टली, पूर्व राष्ट्रपति ने जताई नाराजगी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलीन कैनन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ गोपनीय दस्तावेज अवैध रूप से अपने पास रखने के मामले की सुनवाई अनिश्चितकाल के लिए टाल दी है। डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ गोपनीय दस्तावेज मामले की सुनवाई 20 मई से शुरू होनी थी। जज ने



कहा कि कई अलंबित प्रस्तावों और विभिन्न प्री-ट्रायल मुद्दों की वजह से यह सुनवाई टाली गई है। जज एलीन कैनन ने कई लंबित मुद्दों पर सुनवाई मई और जुलाई के अंत में करने का निर्देश दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ गोपनीय दस्तावेज मामले की सुनवाई अगस्त में शुरू हो सकती है। हालांकि नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, ऐसे में ट्रंप ने इस बात पर नाराजगी जताई कि सुनवाई के चलते उनका चुनाव प्रचार प्रभावित हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते मार्च में अपने खिलाफ चल रहे गोपनीय दस्तावेज मामले को खारिज करने की मांग भी की थी। हालांकि जज ने मामला खारिज करने से इनकार कर दिया था।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए कई गोपनीय दस्तावेज अवैध रूप से अपने निजी आवास मार ए लागो में रखे। जब एफबीआई एजेंट्स उन गोपनीय दस्तावेजों को वापस लेने गए तो ट्रंप पर सरकारी काम में बाधा डालने का प्रयास करने का भी आरोप है।

# राफा में नरसंहार को इजरायल ने उतारे टैंक

एजेंसी

**यरुशलम।** इजरायल और हमास आतंकियों के बीच सीजफायर की वार्ता असफल होती नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली रक्षा बलों ने राफा सीमा पार के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। आईडीएफ ने क्षेत्र में रात भर ऑपरेशन चलाया है। ऐसी रिपोर्ट मिली हैं कि इजरायली सैनिक गाजा में लगभग 3.5 किमी तक घुस गए हैं। इजरायल ने राफा की सीमा के पास बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं। इजरायल के राफा में ऑपरेशन से पहले उसके मुस्लिम देश जॉर्डन ने चेतावनी दी है। जॉर्डन ने कहा कि राफा में एक और इजरायली नरसंहार रोकने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय विफल रहा है। अब वक्त है कि फिलिस्तीनियों पर एक और नरसंहार रोकने के लिए सभी को एक साथ एक्शन लेना चाहिए। जॉर्डन ने चेतावनी दी कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में एक और इजरायली नरसंहार को रोकने में विफलता अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर एक अमिट दाग होगी। इजरायल की सेना ने कहा कि उसने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर में 'एक सटीक



आतंकवाद विरोधी अभियान' शुरू किया था और गाजा में राफा क्रॉसिंग पर 'परिचालन नियंत्रण' हासिल कर लिया है।

मिस्त्र से युद्धग्रस्त गाजा तक मानवीय सहायता के मार्ग के रूप में काम करने वाली राफा क्रॉड्क्षसग अब बंद कर दी गई है। इजरायल ने सोमवार रात हमले की शुरुआत के बाद कहा कि उसने राफा क्रॉसिंग के गाजा पक्ष पर नियंत्रण कर लिया है। इस दौरान इजरायली बलों ने कम से कम 20 आतंकवादियों को मार डाला है। सेना ने बताया कि उसने राफा शहर पर जमीनी और हवाई हमले किए। स्थानीय निवासियों ने भी भारी और लगातार बमबारी की सूचना दी। सेना ने बताया कि उसने सैन्य संरचनाओं, भूमिगत बुनियादी ढांचे और तीन परिचालन सुरंग शाफ्टों पर हमला किया है। बता दें कि इजरायली सेना ने सोमवार को राफा के पूर्वी इलाकों में फिलिस्तीनियों के लिए तत्काल निकासी आदेश जारी किए और उनसे दक्षिणी गाजा के अल-मवासी शहर में जाने का आह्वान किया। इजरायल का कहना है कि वह जल्द ही राफा में अपना ऑपरेशन शुरू करेगा। इसके लिए उसने सीमा पर बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं।

## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई, टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

एजेंसी

**लंदन।** दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्रा जेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ।

ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के




लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

**कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे**

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

# राफा बॉर्डर पर इस्राइल का कब्जा, हमास संघर्ष विराम को राजी

एजेंसी

**राफा।** इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने मिस्त्र और गाजा के बीच रफाह बॉर्डर क्रॉसिंग पर कब्जा कर लिया। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से रफाह पर जमीनी हमले की चेतावनी के कुछ घंटे बाद ही इस्राइली टैंक रफाह बॉर्डर पर पहुंच गए। वहीं, रफाह सीमा पर इस्राइल के कब्जे से कुछ देर पहले ही हमास ने कतर की मध्यस्थता से तय संघर्ष विराम समझौता मान लिया। साथ ही, वह 33 बंधकों को रिहा करने पर भी राजी हुआ है। संघर्ष विराम की शर्तों में कहा गया है कि हमास की कैद से रिहा होने वाले हर बंधक के बदले इस्राइल 60 फलस्तिनियों को छोड़ेगा, जिनमें महिला, बच्चे व 50 वर्ष पार बुजुर्ग शामिल होंगे। हालांकि, कतर, मिस्त्र व अमेरिकी अफसरों की ओर से तैयार संघर्ष विराम समझौते को इस्राइल ने खारिज कर दिया है। उधर, हमास के



प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी प्राधिकरण के प्रवक्ता ने संघर्ष व बढ़ने से रोकने के लिए अमेरिका व संयुक्त राष्ट्र से दखल का आह्वान किया है।

**रफाह में 20 आतंकी मारे गए:** इस्राइली सेना ने बताया कि सोमवार से मंगलवार के बीच दक्षिणी गाजा व रफाह में की गई कार्रवाई में 20 आतंकवादी मारे गए हैं। इस्राइली सेना ने रफाह की अल अबरार मस्जिद पर भी हमला किया है, जहां हमास के कई आतंकियों के छिपे होने की पुख्ता जानकारी मिली थी।

**युद्ध विराम प्रस्ताव में नहीं मानी गईं मांगें : नेतन्याहू**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव में इस्राइल की जरूरी मांगें नहीं मानी गई हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में बंधकों की वापसी कराने के लिए उन पर काफी सैन्य दबाव है। इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि अगर बंधकों को छुड़ाने की वार्ता असफल हुई तो हम रफाह पर जोरदार सैन्य हमला करेंगे।

## पाक सेना ने कहा, पांच चीनी नागरिकों के मौत की अफगानिस्तान में रची गई साजिश

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में एक आत्मघाती हमले पांच चीनी नागरिकों की मौत की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी देश की धरती का इस्तेमाल किया गया था। शरीफ ने कहा, यह आत्मघाती बम धमाका सीमा पार (अफगानिस्तान में) से भी जुड़ा है; इस आतंकवादी गतिविधि की योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी।

# 'हमास के भयानक हमले को भूल रहे कई लोग', राष्ट्रपति बाइडन ने याद दिलाई सात अक्तूबर की रात

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलग अलग विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में चल रहे प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका को लोग प्रलय की भयावहता की अनदेखी कर रहे हैं। बाइडन ने साफ किया कि अमेरिका में किसी भी परिसर में या स्थान पर इस्राइल या यहूदी विरोधी भावना के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी संपत्ति को नष्ट करना शांतिपूर्ण विरोध नहीं बल्कि कानून के खिलाफ है।

**राष्ट्रपति बाइडन ने याद दिलाई सात अक्तूबर की रात**

बाइडन ने याद दिलाया कि 7 अक्टूबर की रात को हमास ने अचानक इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,200 लोगों की मौत हो गई और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया। इस्राइल के अधिकारियों का मानना है कि गाजा में लगभग 130 से अधिक लोग कैद में हैं और इनकी सटीक संख्या जानना मुश्किल



है। इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर व्यापक कार्रवाई कर इन हमलों का जवाब दिया था। जिसके बाद एक रिपोर्ट में कहा गया कि युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी पर इस्राइली हमलों में 34,789 फलस्तीनी मारे गए हैं। बाइडन ने कहा कि लोग भूल रहे हैं कि यह आतंक हमास ने फैलाया है। गाजा पर की गई इस्राइल की जवाबी कार्रवाई के बाद से अमेरिका के कई कॉलेज परिसर तनाव का केंद्र बन गए हैं। इसकी शुरुआत 18 अप्रैल को कोलंबिया विश्वविद्यालय से हुई। इसके बाद इसी तरह के प्रदर्शन न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, प्रिंसटन, एमर्सन कॉलेज और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में भी देखने को मिले। बाइडन ने कहा 'भले ही इस्राइल और हमास के संघर्ष को लेकर हम असहमत हों लेकिन इस्राइल और यहूदियों की सुरक्षा के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं।'

# अदालत में पेश हुए आतंकवादी निज्जर की हत्या के तीनों आरोपी, तीन अप्रैल को किया गया था गिरफ्तार

एजेंसी

**टोरंटो।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था।वैंकूवर सन की खबर के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों आरोपी नॉर्थ फ्रेजर प्रीट्रियल सेंटर से जल द्वारा जारी लाल टी-शर्ट, स्वेटशर्ट और स्वेटपैंट पहने हुए दिखाई दिए। खबर में कहा गया है कि तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत



हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं।

इस दौरान सैकड़ों खालिस्तान समर्थक अदालत में दिखाई दिए। उन 50 लोगों को समायोजित करने के लिए अदालत के अंदर एक अलग रूम खोला गया था, जो सुनवाई को देखना चाहते थे। अदालत के बाहर करीब सौ लोगों ने खालिस्तान के झंडे लहराए और सिख अलगाववाद के समर्थन में पोस्टर ले रखे थे। कनाडा के नागरिक निज्जर की 18 जून 2023 को हत्या कर दी गई थी।

आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, कथित हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।

भारत ने निज्जर की हत्या पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की टिप्पणियों को गुरुवार को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी टिप्पणी अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा को कनाडा की राजनीति में दी गई जगह को दिखाती है। ट्रूडो ने रविवार को टोरंटो में खालसा दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया था, जिसमें कुछ खालिस्तानी आतंकवादी शामिल हुए थे।

ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एंजेट शामिल हो सकते हैं। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए।

## बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में छात्रों ने किया मार्च

**ढाका।** फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन अब अमेरिका के विश्वविद्यालयों से होते हुए बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में पहुंच गया है। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा से जुड़े छात्रों ने इजराइल-हमास युद्ध समाप्त करने और स्वतंत्र फलस्तीन के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को देश भर के विश्वविद्यालयों में मार्च किया। ढाका विश्वविद्यालय के परिसर में बांग्लादेश छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने इजराइल विरोधी नारे लगाते हुए बांग्लादेशी और फलस्तीनी का झंडा लेकर मार्च किया। वे फलस्तीन को मुक्त करो, नरसंहार बंद करो लिखे बैनर लेकर चल रहे थे। छात्र समूह ने कहा कि उसने अमेरिका में विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के खिलाफ बढ़ते गुस्से के कारण प्रदर्शनों का आयोजन किया।

# भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की जमानत याचिका पांचवीं बार खारिज, लंबी कैद का हवाला देकर मांगी थी बेल

एजेंसी

**लंदन।** भारत के भगोड़े नीरव मोदी की मुश्किल एक बार फिर बढ़ गई है। ब्रिटेन की अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। नीरव पिछले पांच साल से जेल में है। लंबी कैद का हवाला देते हुए उसने पांचवीं बार याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने इस बार भी खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई के दौरान नीरव उपस्थित नहीं था। हालांकि, उसका बेटा और दोनों बेटियां जरूर गैलरी में उपस्थित थीं।

**न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कही यह बात**

अदालत में नीरव के वकील ने दलील दी कि आखिरी जमानत आवेदन साढ़े तीन साल पहले दिया गया था। लंबे समय बाद जमानत देने की परिस्थितियों के लिए अनुकूल बदलाव आया है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जॉन जानी ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि मैं संतुष्ट हूं कि जमानत के खिलाफ पर्याप्त आधार हैं। अगर इसे रिहा किया जाएगा तो हो सकता है न्याय प्रभावित हो जाए। न्यायाधीश ने कहा कि हो सकता है कि जमानत के बाद नीरव कोर्ट में उपस्थित न हो। आशंका है कि नीरव गवाहों के साथ भी हस्तक्षेप कर सकता है। न्यायाधीश ने आगे कहा कि नीरव के ऊपर एक बहुत बड़ी धोखाधड़ी का आरोप है। इन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। आवेदन अस्वीकार किया जाता है।

**ईडी-सीबीआई के अधिकारी भी सुनवाई के लिए पहुंचे थे लंदन**

नीरव की जमानत याचिका की सुनवाई के लिए भारत से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक संयुक्त टीम पहुंची भी वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंची थी। उन्होंने अदालती कार्यवाही का पालन किया। गौरतलब है कि भारत में नीरव के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के तीन सेट हैं। पहला पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, धोखाधड़ी की आय से कथित मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित ईडी का मामला। तीसरा, सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला।

**ज्वेलरी डिजाइनर नीरव मोदी पर यह आरोप**

वर्ष 2018 में देश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक पीएनबी में 114 अरब रुपये का घोटाला सामने आया। उस समय पीएनबी ने आरोप लगाया था कि अरबपति ज्वेलरी डिजाइनर नीरव मोदी ने बैंक की मुंबई स्थित एक शाखा से फर्जी तरीके से शपथ पत्र हासिल कर अन्य भारतीय बैंकों से विदेशों में पैसा हासिल कर लिया। देश का सबसे बड़े बैंकिंग घोटाला कहे जाने वाले इस मामले में पीएनबी ने अपने दस अधिकारियों को निलंबित करते हुए और सीबीआई से इसकी शिकायत की थी। घोटाले की खबर सामने आने के बाद पीएनबी के शेयरों में करीब दस फीसदी की गिरावट आई, जिससे निवेशकों के करीब 4000 करोड़ रुपये डूब गए।

## आरसीबी-पंजाब के मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री शुरू

एजेंसी
**धर्मशाला।** धर्मशाला में आरसीबी व पंजाब के बीच 9 मई को होने वाले मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री के लिए धर्मशाला स्टेडियम में काउंटर शुरू कर दिया गया है। हालांकि 9 मई के मैच के लिए टिकटों को लेकर दर्शकों में अधिक क्रेज देखने को नहीं मिल रहा है। कम संख्या में ही दर्शक ऑफलाइन टिकट बिक्री के लिए कांउटर पर पहुंच रहे हैं। ऑनलाइन भी टिकटों की बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। मैच की टिकट की ऑनलाइन बिक्री के लिए महंगें दाम रखे गए हैं। हालांकि इसमें महंगें स्टैंड को ही बिक्री को दर्शाया जा रहा है, जबकि कम मूल्य वालों को हटा दिया गया है।

## काइरेन विल्सन ने जीता पहला स्नूकर विश्व खिताब



**लंदन।** विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में क्वालीफायर जैक जोन्स को 18-14 से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता। विल्सन ने रविवार के पहले सत्र में पहले सात फ्रेम अपने नाम कर लिए। जोन्स की जोरदार वापसी के बावजूद उन्होंने तीन फ्रेम तक अपनी बढ़त बनाए रखी। 32 वर्षीय विल्सन ने फाइनल में 50 से अधिक अंकों के साथ चार सेंच्यूरी और आठ ब्रेक बनाए, जिससे वह शेफील्ड के क्रूसिबल थिएटर में ट्रॉफी उठाने वाले 23वें खिलाड़ी बन गए।

वर्ल्ड स्नूकर टूर की वेबसाइट पर विल्सन के हवाले से कहा गया, जब मैं छह साल का था, तब से मैंने इसका सपना देखा है। अपने पूरे परिवार के साथ इसे जीतना, बिल्कुल वैसा ही था जैसा मैंने सोचा था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं कई बार विश्व चैंपियन बन सकता हूँ। पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतना सबसे मुश्किल होता है।

## कोलकाता में खराब मौसम के कारण केकेआर का चार्टर विमान गुवाहाटी डायवर्ट किया गया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की चार्टर फ्लाइट को कोलकाता में खराब मौसम के कारण गुवाहाटी के लिए डायवर्ट कर दिया गया। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली केकेआर की टीम रविवार को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 98 रनों से हराने के बाद कोलकाता वापस जा रही थी। केकेआर ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर यात्रा अपडेट दिया और लिखा कि वे वर्तमान में गुवाहाटी हवाई अड्डे के टरमैक पर खड़े हैं। केकेआर ने एक्स पर लिखा, यात्रा अपडेटः खराब मौसम के कारण लखनऊ से कोलकाता जाने वाली केकेआर की चार्टर फ्लाइट को गुवाहाटी की ओर मोड़ दिया गया। फ्लाइट वर्तमान में गुवाहाटी हवाई अड्डे के टरमैक पर खड़ी है। जल्द ही और अपडेट दिए जाएंगे। कोलकाता स्थित फ्रैंचाइज़ी आईपीएल 2024 में अपने आगामी मैच में शनिवार को कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस (एमआई) से भिड़ेगी।

## ब्राजील पहली फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी
**जिनेवा।** प्रकाशित पहली फीफा फुटसल महिला विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर है। ब्राजील के बाद क्रमशः स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना, कोलंबिया, थाईलैंड, रूस, ईरान, जापान और इटली शीर्ष 10 में हैं। कोस्टा रिका (20वें), न्यूजीलैंड (26वें) और मोरक्को (59वें) अपने-अपने क्षेत्रों से सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीमें हैं। पहला फीफा फुटसल महिला विश्व कप 2025 में आयोजित किया जाएगा, हालांकि फीफा ने अभी तक टूर्नामेंट के मेजबान और तारीख की घोषणा नहीं की है। अक्टूबर में ब्राजील ने लगातार तीसरी बार फुटसल कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब जीता, जिसमें 51 गोल किए और सिर्फ एक गोल खाया।

विल्सन सबोइया की टीम ने मार्च में फेफ टूर्नामेंट भी जीता, जिसमें जापान, पुर्तगाल और स्पेन जैसी टीमें शामिल थीं। ब्राजील की टीम में महिला फुटसल इतिहास की सबसे रोमांचक और महान खिलाड़ी अमांडिन्हा के साथ-साथ गोलाज़ो देवी एमिली मार्कोंडेस भी शामिल हैं। अन्य उत्कृष्ट ब्राजीलियाई खिलाड़ियों में टैटी, लुसिलिया और तेजी से उभरती हुई एना लुइजा हैं। वहीं, स्पेन ने तीनों यूईएफए महिला फुटसल यूरो जीते हैं, जिनमें से आखिरी फाइनल में यूक्रेन को 5-1 से हराया था। अनीता लुजान, जो अभी-अभी एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट सर्जरी से वापस लौटी हैं, और पेक, जो पिछले महाद्वीपीय फाइनल में एमवीपी थीं, को व्यापक रूप से इस खेल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है।

## कोहली और कार्तिक पहुंचे धर्मशाला, अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा

एजेंसी
**धर्मशाला।** आईपीएल टूर्नामेंट में पंजाब किंग्स इलेविन के खिलाफ 9 मई होने वाले मैच के लिए रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) टीम के पूर्व कप्तान और धुरंधर खिलाड़ी विराट कोहली और दिनेश कार्तिक भी धर्मशाला पहुंच गए है। दोनों खिलाड़ियों ने शाम को स्टेडियम में अभ्यास भी किया।

स्थानीय हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आईपीएल मैच के लिए रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की टीम सोमवार को ही धर्मशाला पहुंच गई थी, लेकिन इस टीम के साथ क्रिकेटर विराट कोहली और दिनेश कार्तिक धर्मशाला नही पहुंचे थे। आरसीबी के स्टार खिलाड़ी



विराट कोहली व दिनेश कार्तिक धर्मशाला पहुंच गए और टीम को ज्वाइन कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने स्टेडियम में अपनी टीम के साथ शाम का अभ्यास सत्र में भाग लिया। अभ्यास के दौरान धर्मशाला में हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली, जिससे वार्म अप पर भी प्रभाव पड़ा।

उल्लेखनीय है कि आरसीबी का 9 मई को पंजाब किंग्स इलेविन के साथ मुकाबला होना है। प्वांइट टेबल में इस सीजन में आरसीबी अब पिछले मैचों में लगातार जीत दर्ज करने के बाद अंतिम स्थान से सातवें पर पहुंच गई है जबकि पंजाब आठवें नंबर पर है। 8 मई को भी आरसीबी की टीम शाम को पांच से आठ बजे तक और पंजाब की टीम छह से नौ बजे रात तक अभ्यास करेगी। 9 मई को शाम साढ़े सात बजे से पंजाब व आरसीबी की टीमें धर्मशाला स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।

## रहमानुल्लाह गुरबाज केकेआर की टीम से जुड़ने को तैयार

एजेंसी
**कोलकाता।** अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपनी फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से दोबारा जुड़ने को तैयार हैं। इससे पहले, 22 वर्षीय अफगान खिलाड़ी अपनी मां के साथ रहने के लिए आईपीएल छोड़ कर चले गए थे, जो स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं।

एक्स पर एक पोस्ट में, गुरबाज ने केकेआर परिवार में अपनी वापसी की पुष्टि की, सभी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और खुशखबरी साझा की कि उनकी मां बेहतर महसूस कर रही हैं।

गुरबाज ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अपनी मां की बीमारी के कारण आईपीएल से थोड़े समय के ब्रेक के बाद, मैं बहुत जल्द अपने केकेआर परिवार में शामिल हो जाऊंगा, सभी संदेशों और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद, अल्हम्दुलिल्लाह अब वह बेहतर महसूस कर रही हैं। 22 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज को आईपीएल के इस सीजन में अभी तक केकेआर के लिए खेलने का मौका नहीं मिला है।

इसका कारण फिल साल्ट और सुनील नरेन की ओपनिंग जोड़ी को मिली सफलता है। गुरबाज ने पिछले सीजन में केकेआर के लिए 11 टी20 मैच खेले और आईपीएल में पदार्पण करते हुए 133 से अधिक की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 20.64 की औसत से 227 रन बनाए। पूरे सीजन में उन्होंने दो अर्द्धशतक लगाए।

8 जीत और 16 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली केकेआर का अगला मुकाबला शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस से होगा। दो बार की विजेता के लिए केवल तीन लीग मैच, 11 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ, 13 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ और 19 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, बचे हैं।

## सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में की रोहित शर्मा की बराबरी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में पूर्व फ्रेंचाइजी कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है।

सूर्यकुमार यादव ने यह उपलब्धि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में हासिल की।

मैच में, सूर्यकुमार बल्लेबाजी के लिए तब आए, जब मुंबई की टीम 31 रन पर 3 विकेट खोकर मुश्किल में थी, सूर्या ने यहां से मोर्चा संभाला और 51 गेंदों में 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन



बनाए। उनके रन 200.00 के स्ट्राइक रेट से आए। रोहित और सूर्यकुमार यादव दोनों ने मुंबई के लिए दो-दो आईपीएल शतक बनाए हैं। सचिन तेंदुलकर, सनथ जयसूर्या, लेंडल सिमंस और कैमरन ग्रीन ने मुंबई के लिए एक-एक शतक लगाया है। इसके अलावा, सूर्यकुमार ने चार शतकों के साथ चौथे नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दूसरे सबसे अधिक टी20 शतकों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और श्रीलंका के दासुन शनाका की बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल चौथे नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए पांच शतकों के साथ शीर्ष पर हैं। इस सीजन में नौ मैचों में सूर्यकुमार ने 41.75 की औसत और 176.71 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102* है।

## मारडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई



है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को हुआ था।

उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

## सरे ने विटालिटी टी20 ब्लास्ट के लिए स्पेंसर जॉनसन के साथ किया करार

एजेंसी
**लंदन।** सरे ने 2024 विटालिटी ब्लास्ट के पहले आठ मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन के साथ अनुबंध किया है।

टी20 विश्व कप से बाहर रहने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉनसन, रीस टॉपली, क्रिस जॉर्डन, सैम करन और विल जैक्स की अनुपस्थिति में खेलेंगे, इन खिलाड़ियों को इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा, सरे को मार्च में तब झटका लगा जब ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर आरोन हार्डी को उनके कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए तीन महीने बाद टीम से बाहर कर दिया गया। जॉनसन विदेशी विकल्प के रूप में सीन एबॉट के साथ जुड़ेंगे। जॉनसन प्रतियोगिता से पहले टीम में शामिल होंगे और 30 मई को यूटिलिटा बाउल में सरे और हैम्पशायर के बीच होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका पहला घरेलू मैच 2 जून को द किआ ओवल में समरसेट के खिलाफ डबल-हेडर मैच होगा। उनका अंतिम मैच 21 जून को द किआ ओवल में ग्लैमरगन के खिलाफ मैच होगा।

जॉनसन ने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, मैं सरे से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं और



पिछले साल किआ ओवल में खेलने की मेरी कुछ शानदार यादें हैं। सरे के पास एक बेहतरीन टीम है और मैं दक्षिण लंदन में खचाखच भरे दर्शकों के सामने गेंद के साथ योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। सरे पुरुष क्रिकेट के निदेशक एलेक स्टीवर्ट ने कहा, स्पेन्सर एक बेहद प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, जिन्होंने उच्चतम स्तर पर सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में अपना कौशल दिखाया है। वह ग्रुप चरणों के पहले भाग में हमारी गेंदबाजी इकाई को मज़बूती प्रदान करेंगे, जब हमारे चार खिलाड़ी इंग्लैंड के साथ विश्व कप में भाग लेंगे। जॉनसन ने 2023 के सफल अभियान में इनविंसिबल्स के लिए पाँच विकेट लिए, जिसमें मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ़ 20 गेंदों पर 1 रन देकर 3 विकेट लेना भी शामिल है। 28 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में आईपीएल में गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### टी 20 विश्व कप टीम में न चुने जाने पर फ्रेजर-मैकगर्क ने कहा-

## अभी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने की काबिलियत हासिल नहीं की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** विस्फोटक बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया की टी 20 विश्व कप टीम में न चुने जाने पर कहा कि उन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म के बावजूद उन्होंने अभी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने की काबिलियत हासिल नहीं की है।

फ्रेजर-मैकगर्क ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए छह मैचों में 233.33 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए हैं, जिससे पूर्व खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनके चयन की मांग की थी, लेकिन उन्हें अगले महीने अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम में नहीं चुना गया। 22 वर्षीय विक्टोरियन ने द विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया, डेढ़ महीने पहले तो मैं तस्वीर में भी नहीं था। इससे मुझे बहुत ज़्यादा परेशानी नहीं हुई क्योंकि मैं इस स्थिति में नहीं था.... मुझे लगे कि मैंने अभी तक यह सब अर्जित किया है। विश्व कप, आईपीएल और फ्रैंचाइजी क्रिकेट से बहुत अलग है।कुछ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट लेखकों ने फ्रेजर-मैकगर्क को बाहर किए जाने पर दुख जताया है क्योंकि 15 सदस्यीय टीम में कई खिलाड़ी फिटनेस या फॉर्म की समस्याओं से जूझ रहे हैं।



**22 वर्षीय विक्टोरियन ने द विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया, डेढ़ महीने पहले तो मैं तस्वीर में भी नहीं था।**

लेकिन युवा बल्लेबाज ने कहा कि डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड तीनों प्रारूपों में हमारे अब तक के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज हैं और कप्तान मिशेल मार्श जैसे शीर्ष क्रम में फिट होना मुश्किल था।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में खुद को पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकता, क्योंकि टिम डेविड, कैमरन ग्रीन और इस तरह के लोगों के साथ हम वहां काफी हद तक तैयार हैं। मैं इस बारे में इसी तरह सोचता हूं। फ्रेजर-मैकगर्क ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट खेलने से लेकर अब तक एक लंबा सफर तय किया है।

## इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की। भारतीय टीम को जून में कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के मैच खेलने हैं। गौरतलब है कि संभावित खिलाड़ियों की पहली सूची शनिवार को घोषित की गई थी। दूसरी सूची में शामिल खिलाड़ी 15 मई से भुवनेश्वर शिविर में प्रशिक्षण लेंगे।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पहली सूची के 26 खिलाड़ी 10 मई को ओडिशा की राजधानी में प्रशिक्षण शुरू करेंगे। दूसरी सूची के 15




खिलाड़ी, जिनमें मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप फाइनल में भाग लिया था, 15 मई को शिविर में शामिल होंगे। एआईएफएफ के बयान के अनुसार, कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लेंगे। भारतीय टीम 6 जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगी, उसके बाद 11 जून को ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में कतर का सामना करेगी। भारत फिलहाल चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपना स्थान पक्का करेंगी। भुवनेश्वर शिविर (15 मई से प्रशिक्षण) के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची इस प्रकार है- फुरबा टेम्पा लाचेनपा, विशाल कैथ, आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस, अनिरुद्ध थापा, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्ते, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलाको, सहल अब्दुल समद, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह।

## दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान को 20 रन से हराया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 56वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हरा दिया है। दिल्ली की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 221 रन बनाए थे। अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 65 रन की पारी खेली थी। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 201 रन ही बना सकी। कप्तान संजू सैमसन ने 46 गेंद में 86 रन बनाए। उनके आउट होने पर विवाद हुआ। इसके बाद 18वें ओवर में कुलदीप यादव ने दो विकेट लेकर मैच पलट दिया।

यह राजस्थान की टीम की लगातार दूसरी हार है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें एक रन से हराया था। वहीं, दिल्ली की यह 12 मैचों में छठी जीत रही। उसके 12 अंक हैं। टीम छठे से पांचवें स्थान पर आ गई है। वहीं, राजस्थान की टीम को प्लेऑफ के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। उसके 16




अंक हैं। दिल्ली का अगला मैच 12 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी में है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स की टीम 12 मई को ही चेन्नई सुपर किंग्स से चेपॉक में भिड़ेगी।

**कुलदीप ने पलटा मैच**

दरअसल, आखिरी पांच ओवर में राजस्थान को 63 रन बनाने थे। 15वें ओवर में आरआर का स्कोर तीन विकेट पर 159 रन था। तब संजू सैमसन 85 रन और शुभम दुबे 14 रन बनाकर क्रीज पर थे। इसके बाद 16वें ओवर में सैमसन आउट हो गए। 16वें ओवर में 11 रन बने। फिर 17वें ओवर में 11 रन आए। तब दो पावर हिटर्स डोनोवन फरेरा और रोवमन पॉवेल क्रीज पर थे। कप्तान ऋषभ पंत ने 18वें ओवर में गैंबल किया और कुलदीप यादव को गेंद थमाई। कुलदीप ने पहली ही गेंद पर फरेरा को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वहीं, आखिरी गेंद पर आर अश्विन को कैच आउट कराया। इन दो विकेट ने दिल्ली की स्थिति मजबूत कर दी। 18वें ओवर में चार रन बने। इसके बाद 19वें ओवर में आठ रन और 20वें ओवर में फिर आठ रन बने। आखिरी पांच ओवर में राजस्थान की टीम 42 रन ही बना पाई। दिल्ली की टीम ने जहां आखिरी तीन ओवर में 53 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान की टीम आखिरी तीन ओवर में 20 रन ही बना सकी। आईपीएल 2024 ने 200+ के स्कोर के मामले में पिछले सभी रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। पिछले सीजन दोनों पारियों को मिलाकर कुल 12 बार 200+ के स्कोर बने थे। वहीं, इस सीजन अब तक 13 पारियों में 200+ के स्कोर बन चुके हैं। यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है।

## विवादित कैच को लेकर अंपायर से भिड़े सैमसन, लाइव मैच में ड्रामा, दिल्ली की टीम के मालिक भी हुए गुस्सा

आईपीएल 2024 के 56वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हरा दिया। इस मैच में राजस्थान की पारी के दौरान मैदान पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। आरआर के कप्तान संजू सैमसन अंपायर से भिड़ गए। यह पूरा विवाद सैमसन के कैच को लेकर हुआ। संजू का विकेट निर्णायक साबित हुआ और इसके बाद राजस्थान की टीम को हार का भी सामना करना पड़ा। सैमसन के कैच पर विवाद हुआ और यहीं से मैच पलट गया। सैमसन ने अंपायर से दिल्ली के फील्डर शाई होप का पैर बाउंड्री लाइन पर छूने को लेकर बहस भी की। हालांकि, अंपायरों ने फैसला दिल्ली के पक्ष में दिया।

**सैमसन के कैच पर हुआ विवाद**

राजस्थान की पारी के 16वें ओवर में मुकेश की गेंद पर सैमसन का होप ने बाउंड्री पर




कैच लिया। कैच लेने के दौरान उनके जूते बाउंड्री लाइन से छूते दिखे। हालांकि, तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। रिप्ले में ऐसा प्रतीत हुआ कि होप के पैर रोप को छू रहे हैं। हालांकि, थर्ड अंपायर ने इसे आउट दिया। कमेंटेटर और राजस्थान का डग आउट इस फैसले से हैरान रह गया। कमेंटेटरों को लगा कि होप के पैर छू रहे थे। थर्ड अंपायर द्वारा आउट का फैसला आने के बाद सैमसन ने अंपायर से बहस भी की और रिव्यू भी मांगा, लेकिन इसे नहीं माना गया।

उन्होंने 46 गेंद में 86 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके, छह छक्के लगाए। सैमसन जिस वक्त अंपायर से बहस कर रहे थे, तब दिल्ली की टीम के मालिक पार्थ जिंदल स्टेडियम में मौजूद थे और उनका रिएक्शन वायरल हो गया है। वह काफी गुस्से में दिख रहे थे और बार-बार आउट आउट चिल्लाते हुए दिख रहे थे। साथ ही सैमसन को मैदान से बाहर जाने का इशारा भी कर रहे थे।

**संजू ने आईपीएल में लगाया 25वां अर्धशतक**

222 रन का पीछा करते हुए यशस्वी (4) पहले ही ओवर में खलील का शिकार बन गए। यहां से सैमसन और बटलर ने 33 गेंद में 63 रन की साझेदारी की। बटलर (19) को पटेल ने बोल्ड किया। पावरप्ले में राजस्थान ने दो विकेट पर 67 रन बनाए थे। सैमसन ने इसके बाद रियान पराग के साथ 36 रन की साझेदारी, जिसमें पराग के 27 रन थे। पराग को रसिख ने बोल्ड कर 11 ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 103 रन किया। सैमसन ने कुलदीप पर छक्का लगाकर 28 गेंद में आईपीएल में अपना 25वां अर्धशतक पूरा किया। सैमसन ने 13वें ओवर में रसिख पर दो छक्के और चौका लगाकर 18 रन बटोरे। 15वें ओवर में खलील ने लगातार चार वाइड फेंकीं। राजस्थान को 30 गेंद में 63 रन की जरूरत थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# 'चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच'

## गुलामी के निशानों को समाप्त कर विरासत का करना है सम्मानः योगी

**गुलामी के निशान**

▸▸ बार-बार अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है। इस गुलामी के निशान को समाप्त करना है



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः** अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में पतारा में जनसभा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर का नाम बदलना है। बार-बार अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है। इस गुलामी के निशान को समाप्त करना है। यह नाम ही सही नहीं है और विरासत को बचाना है। आपका वोट इस नाम को ही बदल देगा। हम विकास और विरासत को साथ-साथ लेकर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, 'फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार।' इस नारे ने ऐसा जादू किया है कि विपक्षी चारों खाने चित्त हो गए हैं। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है तो भारत के खिलाफ साजिश में लिप्त हो गए हैं।

विपक्षी दलों के बयानों को पढ़ने से स्पष्ट हो चुका है कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच में हैं। जो रामभक्त हैं वही राष्ट्रभक्त भी हैं। ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नए और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नाम पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है।

### 2014 के बाद के भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा हैः सीएम

**योगी** ने कहा कि 2014 के बाद के भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। विकास का कार्य तेजी से हुआ है। आईआईटी, एम्स, विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। शाहजहांपुर के विधायक ने पीपे वाला पुल मांगा, सरकार ने पक्का पुल दिया। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये का इलाज हो रहा है। इस योजना वंचित लोगों के लिए विधायक, सांसद के एक पत्र पर सरकार का खजाना खुल जाता है। पीड़ित अगर पत्र भेज भर दे, इलाज के लिए उसे पैसा मिल जाता है। हमारा स्पष्ट निर्देश है कि किसी का भी इलाज न रुके। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्ष में दंगा का नाम नहीं सुनाई पड़ा।

**यहां की तोप जब गरजेंगी तो कानपुर का पूरी दुनिया में होगा नाम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटमपुर क्षेत्र में पहले यहां तमंचे बनते थे। भाजपा सरकार में यहां डिफेंस कॉरिडोर बना और अब यहां तोप बनती हैं। जब पूरी दुनिया में यहां की तोप गरजेंगी तो कानपुर का भी नाम होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम यहां का सर्वे करा रहे हैं। गन्ने की गुंजाइश होती है, तो शुगर कॉम्पलेक्स बनाएंगे। इसके लिए 13 तारीख को आपको ज्यादा से ज्यादा कमल के निशान पर वोट डालना है।

# सैनी सरकार पर कोई संकट नहीं, पूरी नहीं होगी हुड्डा की इच्छाः विज



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने तीन विधायकों के भाजपा से समर्थन वापस लिए जाने के मुद्दे पर कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मंशा पूरी होने वाली नहीं है। हरियाणा सरकार पर कोई सियासी संकट नहीं है। विज बुधवार को अपने एक बयान में ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया, लेकिन पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। हुड्डा की ख्वाहिश कभी पूरी नहीं हो सकती। अभी हमारे तरकश में कई तीर हैं और हमारी सरकार ट्रिपल इंजन की सरकार है। विज ने कहा कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार है, जो पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हैं, जो पल-पल की खबर रखते हैं और इसका भी इलाज जानते हैं।

**दावा**

▸▸ अभी हमारे तरकश में कई तीर हैं और हमारी सरकार ट्रिपल इंजन की सरकार है : विज

विज ने कहा कि यह चुनावी मौसम है। इसमें आना-जाना लगा रहता है, लेकिन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को किसी तरह का सियासी संकट नहीं है। हैं, इसलिए लोगों का भी हमें भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## पापूलर लकड़ी की मांग बढ़ रहीः कंवर

**यमुनानगरः हरियाणा** लोक सभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बुधवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भाजपा मोदी सरकार बनाने के लिए जनसम्पर्क करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट व समर्थन की अपील की। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने घाढ़ क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों की पॉपुलर लकड़ी का रिकॉर्ड भाव लगभग 1800 रुपये प्रति क्विंटल भाजपा राज में हुआ है। भाजपा राज में प्लाईवुड फैक्ट्रीयों के लाइसेंस ज्यादा खोले गए हैं। जिससे पॉपुलर लकड़ी की डिमांड लगातार बढ़ रही है और किसान भाइयों को फायदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की गेहूं, धान, गन्ने, बाजरे व सरसों की फसल को भाजपा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और यह न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रतिवर्ष किसानों को बढ़ाकर दिया जा रहा है। जिससे किसान भाइयों की आमदनी में इजाफा हो रहा है।

भाजपा सरकार द्वारा गांवों में बिजली 24 घंटे उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2014 से अभी तक लगभग 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत देश को विश्व के अग्रणीय देशों में शामिल कर दिया है। भारत देश की अर्थव्यवस्था लगभग 8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है। आज रूस,अमेरिका जैसे बड़े देश भारत देश के प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की प्रशंसा करते हैं। भारत देश की तरक्की के लिए भारत देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनना जरूरी है। हरियाणा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

## विपक्षी पार्टियों में हाहाकार : बृजलाल

**लखनऊः भारतीय जनता** पार्टी के राज्य मुख्यालय पर राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने बुधवार को पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में अबकी बार 400 पार है। इसलिए विपक्षी परिवारी पार्टियों में हाहाकार है।

बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है। आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है।

# '...तो वेतन भत्ते की सारी राशि महिलाओं पर खर्च करूंगी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** जननायक जनता पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि वे जिस दिन से सक्रिय राजनीति में उतरी है, उसी दिन से उन्होंने महिलाओं के हित में काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, उन्हें सक्रिय राजनीति में भागीदारी देने के लिए वे प्रतिबद्ध है। नैना चौटाला ने कहा कि हिसार की जनता उन्हें सांसद चुनकर दिल्ली भेजे, सांसद के रूप में मिलने वाले वेतन और भत्ते को वे जरूरतमंद महिलाओं और बेटियों पर खर्च करेंगी। उन्होंने बताया कि विधायक रहते हुए भी उन्होंने अपने वेतन भत्ते को समाज सेवा में लगाया। वे बुधवार को नलवा हलके में चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम सभाओं को संबोधित कर रही थी। ग्रामीणों द्वारा नैना चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया और उनको सुनने के लिए सभाओं में महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही।

जेजेपी उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा कि वे चाहती है कि हरियाणा की महिलाएं चूल्हे, चक्की और घूंघट से निकलकर राजनीति में न केवल अपनी अहम भूमिका निभाए बल्कि पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से मजबूत भी बने। उन्होंने कहा कि वह पहली बार डबवाली से विधायक चुनी गई थी और उसके बाद बाढड़ा की जनता ने उन्हें विधानसभा में भेजा। नैना चौटाला ने कहा कि विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन व भत्ते को कभी भी अपने लिए खर्च नहीं किया बल्कि सारी राशि को महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए खर्च किया हैं। जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला ने भाजपा प्रदेश सरकार पर हमलावर होते हुए भी कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार से न केवल जनता का विश्वास उठा है बल्कि उनको समर्थन देने वाले विधायक भी उन्हें छोड़-छोड़कर जा रहे है और ऐसे में जाहिर है कि हरियाणा से भाजपा का सफाया होना तय है।

**जुबानी हमले**

▸▸ भाजपा सरकार से जनता और विधायकों का विश्वास उठा, बीजेपी का सफाया तय - नैना सिंह चौटाला

# बसपा के होशियारपुर प्रत्याशी आप में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** दोआबा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को एक बड़ी मजबूती मिली है और बहुजन समाज पार्टी(बसपा) को बड़ा झटका लगा है जबकि दोआबा के जाने-माने दलित नेता और होशियारपुर लोकसभा से बसपा के उम्मीदवार राकेश सोमन बुधवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राकेश सोमन को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया और उनका आप परिवार में स्वागत किया। राकेश सोमन बसपा के काफी वरिष्ठ नेता थे। वह पंजाब कांग्रेस कमेटी के भी महासचिव रह चुके हैं। होशियारपुर और आसपास के दलित लोगों के बीच उनकी अच्छी खासी पकड़ और लोकप्रियता है। उनका पार्टी छोड़ना बसपा के लिए एक बड़ा झटका की तरह है।आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद राकेश सोमन ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान गरीबों, दलितों और बेरोजगारों के लिए काफी अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पिछले दो सालों के कार्यों से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया। गरीबों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देना काफी नेक काम है और मान सरकार लगातार इसके लिए काम कर रही है इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार आम लोगों की सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रही है। पिछले दो सालों में हमने पंजाब के लोगों के लिए ऐतिहासिक काम किया है। करीब 829 आम आदमी क्लीनिक बनाए और गरीबों के बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल ऑफ एमिनेंस बना रहे हैं जो प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर सुविधाओं वाला है।

**आप के साथ**

▸▸ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राकेश सोमन को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया

## 'हुड्डा ने सत्ता हासिल कर परिवार वालों को सौंप दी थी चौधर'

**झज्जरः भाजपा प्रत्याशी** डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने सिर्फ चौधर के नाम पर लोगों को गुमराह करके सता हथियाई और बाद में चौधर अपने परिवार के सदस्यों को सौंप दी। इसके बाद भाई भतीजावाद चला और जमकर भ्रष्टाचार हुआ, जनता को सब पता है कि किस तरह से खर्ची पर्ची के नाम पर उन्हें लूटा गया। वे बुधवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र के कई स्थानों पर जनसंपर्क अभियान में बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में विरोध करने वालों का खुलासा हो चुका है, यह गुलाबी गैंग के लोग है।

# 'मोदी ने गरीबों को दिल खोलकर मकान, आयुष्मान कार्ड दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुलतानपुरः मेन**का संजय गांधी ने कहा कि भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी है। पीएम मोदी ने पिछले पांच साल में गरीबों को दिल खोलकर मकान, शौचालय,आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन,मुफ्त गैस कनेक्शन सहित तमाम योजनाओं का लाभ दिया है।श्रीमती गांधी ने कहा घबराओ मत,जिन पात्र लोगों को अभी तक आवास नहीं मिला हैं उनके लिए इसी साल 1 लाख मकान और लाऊंगी।हर गरीब के पास अपना आशियाना होगा।उन्होंने कहा कि कमल का फूल विकास और सुशासन लाने की गारंटी है। कादीपुर विधानसभा में बुधवार को नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। श्रीमती गाँधी ने कहा कि पांच साल में 5 हजार गरीबों की शादियां कराई गई हैं।400 दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल दी गई है।

उन्होंने कहा हमारी पार्टी हर वक्त गरीबों की मदद के लिए खड़ी रहती है।उन्होंने अपनी तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हम जनता की मांग के मुताबिक काम करते आए हैं। आगे भी करते रहेंगे।

## उप्र कैटेट प्रवेश परीक्षा: आवेदन करने को मिला 10 दिन का और समय

**टीम एक्शन इंडिया**

कानपुरः उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने की तिथि को 07 मई से बढ़ाकर 17 मई कर दी गई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर पी. के. उपाध्याय ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) के ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि सात मई थी। जिसे अब अभ्यर्थियों के लिए और समय देते हुए 17 मई कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालय यथा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 17 मई तक विस्तारित कर दी गई है।

# यादव समाज के प्रत्याशियों की चिन्ता करे सपा नेतृत्वः मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की टीका टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा नेतृत्व परिवार एवं यादव समाज के प्रत्याशियों की चिन्ता करें। मायावती ने बुधवार को एक्स पर कहा कि बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर है। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में



उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है।

**नसीहत**

▸▸ बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर है

**काशी धाम**

श्रीराम मंदिर व काशी विश्वनाथ धाम निर्माण के बाद पहली बार हो रहा लोकसभा चुनाव

# काशी से निकले संदेश से होगा 'अबकी बार-400 पार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** कभी विकास के गुजरात मॉडल पर सवार नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी आये तो काशी के विकास मॉडल को पूरे देश में नजीर बना दिया। इसी मॉडल के जरिए 2024 लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। माना जाता है कि काशी से निकला संदेश सिर्फ पूर्वांचल तक ही नहीं जाता बल्कि बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश होते हुए समूचे देश तक जाता है। इस बार का लोकसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है कि काशी के सांसद नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप श्री काशी विश्वनाथ धाम का भव्य



निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर मिला। इन दोनों बड़े अवसरों के बाद लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से निकली आवाज के बलबूते भाजपा नित विकास कार्यों, लाभार्थियों और आस्था के सहारे 400 सीटों की रिकॉर्ड जीत के साथ हैट्रिक बनाने पर लगी है।

**400 पार के लिए 80 आधार :** नरेंद्र मोदी 2014 में काशी की पिच पर बैटिंग करने आए तो सबसे पहले विकास की बाउंड्री पर नजर टिका दी। 2017 में दूसरे छोर पर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान योगी आदित्यनाथ को दी। इसके बाद दोनों छोर से जबर्दस्त बैटिंग शुरू हुई। एक ने विकास समेत देश की सुरक्षा का कमान संभाला तो दूसरे ने उत्तर प्रदेश में कानून से खेलने वालों के छक्के छुड़ा दिए। धीरे-धीरे विपक्षी कैच आउट होते चले गए, जिससे उनकी टीम के हौसले भी पस्त हो गए। कुछ ही खिलाड़ी मैदान में बचे। नरेंद्र मोदी की 2019 में दूसरी पारी शुरू हुई तो 2022 में उत्तर प्रदेश की जनता ने फिर योगी को सेलेक्ट किया। इसके बाद दोनों धुरंधरों ने फिर बल्लेबाजी की।

